अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


निधि की बड़ी बहन से बात करते एएसपी अजय कुमार। अमृत विचार


विद्यालय में हंगामा काटते लोग व मौजूद पुलिसकर्मी। अमृत विचार


घटना के बाद मौके पर साक्ष्य जुटाती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### 1 से दो सवारी गाड़ियां लखनऊ से अनवरगंज के बीच निरस्त

**कन्नौज।** रेलवे प्रशासन द्वारा कानपुर सेंट्रल-कानपुर पुल बायाँ किनारा के मध्य ब्रिज सं. 110 पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु मेगा ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों को कुछ समय के लिए निरस्त एवं मार्ग परिवर्तन किया जा रहा है। इस क्रम में 02 अप्रैल से 14 मई, 2026 तक 55345 लखनऊ जं.-कासगंज सवारी गाड़ी लखनऊ जं. के स्थान पर कानपुर अनवरगंज से चलाई जायेगी। यह गाड़ी लखनऊ जं. से कानपुर अनवरगंज के मध्य निरस्त रहेगी। इसी तरह से 01 अप्रैल से 13 मई, 2026 तक कासगंज से चलने वाली 55346 कासगंज-लखनऊ जं. सवारी गाड़ी लखनऊ जं. के स्थान पर कानपुर अनवरगंज में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी कानपुर अनवरगंज से लखनऊ जं. के मध्य निरस्त रहेगी। दूसरी तरफ 02 अप्रैल से 13 मई, 2026 तक आगरा फोर्ट से चलने वाली 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं. एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मथुरा जं.-कासगंज-शाहजहांपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी कानपुर सेंट्रल एवं उन्नाव स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। वहीं 12179 लखनऊ जं.-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग से चलाई जायेगी। ये जानकारी रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

### नौटंकी देख रहे युवकों के साथ मारपीट

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला विजयी में नौटंकी देखने रुके दो युवकों के साथ गांव के ही कुछ दबंगों ने मारपीट की। ग्राम चमन नगरिया निवासी पंकज पुत्र राजेश और आशीष पुत्र रमेश चंद्र शुक्रवार की रात छिबरामऊ से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में नगला विजयी में नौटंकी का कार्यक्रम चल रहा था, जिसे देखने के लिए दोनों रुक गए। वहां पहले से मौजूद जीतू और आदेश ने उन्हें देखते ही जातिसूचक अपशब्द कह दिए। विरोध करने पर आरोपियों ने अपने साथियों विपिन और संतोष के साथ पीड़ितों पीटा। ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

### बुकिंग के कई घंटों बाद दिए जा रहे सिलेंडर पर ध्यान नहीं

**कन्नौज।** जनपद में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी भी सवालों के घेरे में है। बुकिंग करने के कई घंटों बाद एलपीजी सिलेंडर दिए जा रहे हैं। उसके बाद कनेक्शनधारकों को लाइन में लगकर धक्के खाने पर मजबूर किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि सिलेंडर देने में हो रही देरी पर भी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। दूसरी ओर बेवजह बाउचर के लिए भी लाइन लगवाई जा रही है और कार्यालयों पर भीड़ बुला रहे हैं।

# टीचर की डांट से क्षुब्ध 11 साल की छात्रा ने की खुदकुशी, हंगामा

## मां की तहरीर पर प्रधानाध्यापक समेत चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई

संवाददाता, सौरिख (कन्नौज)

**अमृत विचार।** टीचर की डांट से 11 साल की मासूम इतनी दुखी हुई कि घर जाकर फंदा लगाकर जान दे दी। इस हृदयविदारक घटना से दुःखी व गुस्साए परिजनों ने शव विद्यालय में रखकर कई घंटे हंगामा काटा। मां की तहरीर पर पुलिस ने दो शिक्षिकाओं, प्रधानाध्यापक समेत चार शिक्षकों के विरुद्ध आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

विकास खण्ड सौरिख के गांव निवारी निवासी निधि (11) पुत्री अजय कुमार बाथम कम्पोजिट विद्यालय वेहटा रामपुर में कक्षा 5 में पढ़ती थी। शनिवार सुबह रोज की तरह वह साइकिल से विद्यालय गई। प्रार्थना के दौरान सभी बच्चों के नाखून, बाल एवं कपड़े आदि चेक किए गए। इस दौरान निधि को विद्यालय के स्टाफ ने रोक लिया और उसको डांटकर बिना नहाये विद्यालय न आने की हिदायत दी। इससे बच्ची आहत हो गई और बस्ता विद्यालय में छोड़कर साइकिल उठाकर रोती हुई घर चली


निधि की फाइल फोटो।

गई। घर के बाहर मां आरती देवी बैठी थी। उसने रोने का कारण पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया और अंदर चली गई। काफी देर बाद जब वह बाहर नहीं निकली तो मां ने अंदर जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। वह छत के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटकी थी।

तुरंत गांव व परिवार के लोगों को बुलाकर उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इससे परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजन शव लेकर विद्यालय पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी तो विद्यालय स्टाफ ने खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ पाठक को दी।

देखते ही देखते विद्यालय में छिबरामऊ सर्कल के सभी थानों से सकरावा थानाध्यक्ष आलोक कुमार, तालग्राम थानाध्यक्ष विनय शर्मा, क्षेत्राधिकारी तिर्वा कुलवीर सिंह, उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र देव द्विवेदी, बीडीओ मनोज पोरवाल, तहसीलदार अवनीश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, बिशुनगढ़ थाना प्रभारी भागमल, सौरिख थानाध्यक्ष जयंती प्रसाद गंगवार मय फोर्स, बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार मौके पर पहुंच गए। परिजन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग कर हंगामा कर रहे थे जिनको पुलिस लगातार समझा रही थी।

उधर, फॉरेंसिक टीम ने घर व स्कूल पहुंच कर नमूने एकत्र किये अपर पुलिस अधीक्षक में मृतका की बहन से पूछताछ की तथा परिवार के लोगों को समझाकर तहरीर देने के लिए राजी किया। मां आरती की तहरीर पर आकांक्षा सहायक अध्यापक, मृदुला स.अ., रोहित पाल स.अ., महेंद्र सिंह प्रधानाध्यापक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। खास बात यह कि प्रधानाध्यापक चिकित्सकीय अवकाश पर हैं।

### बच्चों के तनाव को समझें अभिभावक

**कानपुर।** 8 से 14 साल के बच्चों के भीतर संवेदनशीलता अधिक होती है। ऐसे में सबसे पहले घर में अभिभावकों को बच्चों के स्वभाव में होने वाले परिवर्तन को समझना चाहिए। मनोवैज्ञानिक डॉ. नरेश चंद्र ने बताया कि घर में यदि बच्चों के स्वभाव में परिवर्तन आ रहा है। मसलन यदि वह अकेला रहना अधिक पसंद कर रहा है। खेलने में भी रुचि नहीं दिखा रहा है। खान-पान व बातचीत में परिवर्तन या फिर कमी कर दी है। इस स्थिति में अभिभावकों को तुरंत ही सतर्क रहने की जरूरत है। इसके अलावा दूसरा दायित्व शिक्षकों का भी बनता है कि यदि वे बच्चों में इस तरह के परिवर्तन को भांपते हैं तो इसकी सूचना उन्हें अभिभावकों को देनी चाहिए। बच्चों में अनिद्रा व तनाव जैसे लक्षण अब कम उम्र में सामने आने लगे हैं। जिसे लेकर बच्चों के आस-पास रहने वालों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# शव लेकर स्कूल पहुंचे परिजन कमरे में कैद हो गए सभी शिक्षक

- पिता के आने से पहले तहरीर नहीं देने की बात पर अड़े परिजन, बड़ी बहन भी इसी विद्यालय में पढ़ती
- बहन बोली, आए दिन विद्यालय का स्टाफ छोटी बहन को डांटता था

संवाददाता, सौरिख

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह 10 बजे छात्रा के आत्महत्या करने के बाद करीब 11 बजे परिवार के लोग शव लेकर विद्यालय पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई लेकिन उनके समझाने के बाद भी नहीं माने। उप जिलाधिकारी बीडीओ तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश बाथम कई घंटे प्रयास करते रहे, पर लोग पिता के आने से पहले तहरीर नहीं देने की बात पर अड़े थे। बड़ी बहन भी इसी विद्यालय में पढ़ती है। आरोप लगाया कि शिक्षक बहन को बात-बात पर डांटते थे।

**शिक्षकों ने अपने को कमरे में बंद किया:** विद्यालय परिसर में उत्तेजित भीड़ से बचने के लिए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपने को विद्यालय के कमरे में बंद कर लिया लेकिन महिलाएं कमरे के बाहर हंगामा काटती रहीं। पुलिस ने लोगों से यह कहकर मामला शांत कराया कि वे शांत रहें इनको थाने भिजवा रहे हैं।

**सफाई कर्मी को दौड़ाया:** बीडीओ ने विद्यालय परिसर में गंदगी देख मौजूद ग्राम प्रधान से सफाई कर्मी को बुलाकर सफाई करवाने के लिए कहा। सफाई कर्मी विद्यालय आ गया। जैसे ही उसने सफाई शुरू की। वहां मौजूद लोगों ने दौड़ा लिया।

### ग्रामीणों का आरोप, विद्यालय परिसर में पेयजल संकट

**सौरिख।** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय परिसर में पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। एक हैंडपंप वर्षों से खराब तथा पानी की टंकी सूख गई है। शौचालय गंदे पड़े हैं। बच्चे व स्टाफ शौच क्रिया या लघुशंका के लिए खेतों का सहारा लेते हैं। बच्चों की सफाई के लिए कई नियम कायदे बताए जाते हैं लेकिन जिस परिसर में पढ़ते हैं वही बीमारी का घर बना हुआ है। मौके पर पहुंचे शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों ने शिकायत की।

### दिल्ली में रहते हैं पिता

**सौरिख।** मृतका के पिता अजय कुमार दिल्ली में रहकर सिलाई मशीन चलकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। घटना के समय वह दिल्ली में है जिसकी सूचना परिजनों ने उन्हें फोन पर दी। परिवार के अनुसार 15 दिन पूर्व वह परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे।

# बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**फैसला**

- वर्ष 2024 में पांच साल की बच्ची को बनाया था शिकार
- विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पांच साल की मासूम सी बच्ची को हवस का शिकार बनाने के दोषी युवक को अब ताउम्र जेल में रहना पड़ेगा। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट हरेंद्र नाथ ने सुनवाई पूरी होने के बाद आजीवन कारावास के साथ ही जुर्माने की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि ठठिया थाने में एक महिला ने 25 मई 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि दिन के सुबह 11 बजे इसकी पुत्री (05) अपनी दादी के लिए पानी लेकर खेत जा रही थी। रास्ते में गांव का ही कुंजी पुत्र लवकुश मिल गया। वह पुत्री को टॉफी का लालट देकर अपने खेत की झाड़ियों में ले गया जहां पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और मौके से बाग गया। पुत्री रोते हुए दादी के पास आम के पेड़ के नीचे गई और घटना के बारे में बताया।

पीड़िता लहूलुहान हालत में बच्ची को लेकर थाने पहुंची थी। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने दादी के बयान दर्ज करने के बाद पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। आरोप सही पाए जाने के बाद प्रकरण को लेकर आरोप पत्र दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई पूरी होने पर विशेष न्यायाधीश ने दोषसिद्ध कुंजी उर्फ श्यामजी को आजीवन कारावास के साथ 20500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक साल का कारावास और भुगतने का आदेश दिया है।

# आईआईटीजेएम में तिर्वा के हर्षित का चयन

**तिर्वा।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के पूर्व छात्र हर्षित चतुर्वेदी ने प्रतिष्ठित आईआईटी जेएम परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 699 प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। लोहिया नगर तिर्वा गंज निवासी हर्षित ने वर्ष 2023 में विद्यालय से इंटरमीडिएट किया था। अब वे देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों से मास्टर डिग्री प्राप्त करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा व प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी ने उन्हें सम्मानित किया। इसी क्रम में शासन द्वारा जारी हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 2025 की श्रेष्ठता सूची में जिले के 24 विद्यालयों के 84 विद्यार्थियों में से 42 छात्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के थे।


हर्षित चतुर्वेदी।

# जेवर एयरपोर्ट से दुनिया भर में पहुंचेगा कन्नौज का इत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक ''इत्र नगरी'' अब एक बड़े वैश्विक बदलाव की दहलीज पर खड़ी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) का निर्माण कन्नौज के सदियों पुराने इत्र और एसेंशियल ऑयल उद्योग के लिए किसी वरदान से कम नहीं माना जा रहा है। अब तक परिवहन और लॉजिस्टिक्स की जिन चुनौतियों से यहाँ का व्यापारी जूझ रहा था, जेवर एयरपोर्ट उन सभी बाधाओं को पार करने का ''रनवे'' साबित होगा।

बताते चलें कि कन्नौज का इत्र उद्योग मुख्य रूप से फ्रांस (पेरिस), यूके, यूएसए, संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) और सऊदी अरब से जुड़ा है। दुनिया के बड़े परफ्यूम ब्रांड्स बेस नोड के रूप में कन्नौज के नेचुरल ऑयल्स का इस्तेमाल करते हैं। खाड़ी देशों में अतर की भारी मांग है, जो बिना अल्कोहल के तैयार होता है। जेवर एयरपोर्ट इन देशों के लिए सीधी और तेज डिलीवरी का रास्ता खोलेगा।



इस तरह बनता है कन्नौज का इत्र। अमृत विचार

### नई औद्योगिक पहचान बना इत्र पार्क

कन्नौज में विकसित हो रहा आधुनिक इत्र पार्क इस उद्योग को पारंपरिक भट्ठियों से निकालकर आधुनिक लैब और ग्लोबल स्टैंडर्ड्स तक ले जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट से निकटता पार्क को सीधे अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से जोड़ देगी। यहाँ बनने वाली अत्याधुनिक इकाइयाँ अब अपना माल सीधे एयरपोर्ट के कार्गो हब तक पहुंचा सकेंगी।

### समय से भेज सकेंगे माल

जेवर एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि व्यापार बढ़ाने का नया द्वार है। अभी दिल्ली माल भेजने के लिए 24 घंटे पहले योजना बनानी पड़ती है। जेवर एयरपोर्ट पास में है तो ऐसे में समय पर माल को पहुंचा पाएंगे जिससे विदेशी ग्राहकों का भरोसा मजबूत होगा।



– रंजन बाजपेई, इत्र उद्यमी

**नवरात्रि** तिर्वा में निकली शोभायात्रा माता काली के मंदिर पर हुई संपन्न

# जवारा विसर्जन में भक्तों ने लगवाई सांग, दिखा उल्लास

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** तिर्वा में सांग जवारा यात्रापूरी श्रद्धा के साथ निकाली गई। यात्रा माता काली मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शनिवार को सायं श्री रामलीला मैदान से विशाल ज्वारा सांग शोभा यात्रा पूरी वैदिक रीति से अजय चतुर्वेदी ने पूजा अर्चना के बाद शुरू कराई। तमाम श्रद्धालु एक-एक क्विंटल वजन की लोहे की सांग गाल में लगाकर चल रहे थे। वहीं कुछ लोगो ने शरीर पर लोहे की दर्जनों सुइयां चुभा रखी थीं। कुछ भक्त 165 तथा 135 किलो की सांग गालों में चुभाकर चले। इस तरह से कई युवक युवतियां लोहे की वजनी सांग लेकर चल रहे थे।

शोभा यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा में कृष्ण राधा की गोपियों के संग रास लीला, मां काली का भैरव नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहे। रास्तों पर श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा की आरती उतारी ।

इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल ओमर, राघवेंद्र गुप्ता सागर दुबे राजेश त्रिपाठी, महेश पांडे, महेश, उमर, हरिबाबू कुशवाह, प्रभु दयाल, लल्ली ,बंटी कुशवाह, अमरपाल, प्रदीप,कौशल सक्सेना नीरज सक्सेना, मुन्नू शर्मा, शशांक मिश्रा हिमांशु पांडे, सुमित गुप्ता, शोभा यात्रा के संरक्षक अजय चतुर्वेदी, विनोद गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी,ब्रह्म स्वरूप तिवारी ने सहयोग प्रदान किया। सांग धारण करने वालों में कौशल, कबीर लाल, ऋषि प्रजापति, गौरव, मोहित, राज ,इशू ,आकाश, सुधांशु, दीप ,कृष्ण, प्रांशु, सोनू आदि रहे। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, सी ओ कुलबीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल, कस्बा चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह निरीक्षक रणजीत सिंह, सहित बड़ी तादाद में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


जवारा यात्रा में सांग लगाकर शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### नगर में निकाली गई मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा

**सौरिख।** नगर के शिवाला शिव मंदिर सदर बाजार में स्थापित मां दुर्गा की नौ दिन पूजा की गई। पंडित हरिओम दुबे एवं सूर्यकांत भारद्वाज ने शनिवार को हवन किया। इससे पहले प्रबंधक अमित वर्मा अध्यक्ष शिवेश चौरसिया कोषाध्यक्ष शेखर चौरसिया ने माता रानी को आरती उतार कर माला पहनाई। इसके बाद मूर्ति की विसर्जन शोभायात्रा निकली जो सदर बाजार होते हुए थाने वाली रोड नादेमऊ चौराहा छिबरामऊ रोड होते हुए बेहटा घाट पर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां विसर्जन किया गया। इससे पहले ढोल नगाड़ा डीजे के साथ भक्तों ने जमकर नृत्य किया। जगह-जगह पुष्प वर्षों भी की गई और लोगों ने भक्तों को प्रसाद भी दिया। इस मौके पर शक्ति चौरसिया, सुमित चौरसिया, विशुन चंद वर्मा, पिकू वर्मा,भगवान दास चौरसिया, चेतन बजरंगी, ओमी चतुर्वेदी, हिमांशु गुप्ता रहे।

# गर्भवती की बिगड़ी हालत, कानपुर ले जाते समय रास्ते में थम गई सांसें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गर्भवती की अल्ट्रासाउंड को ले जाते समय हालत बिगड़ी और कानपुर ले जाते समय और गंभीर हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लाये जहां डाक्टर ने मौत की पुष्टि की।

ठठिया थाना क्षेत्रके गांव विलंदापुर निवासी अप्रित कटियार की 33 वर्षीय गर्भवती पत्नी कोमल कटियार की शनिवार की सुबह तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे करीव 09 बजे अल्ट्रासाउंड सेंटर लेकर पहुंचे। सेंटर बंद होने से फोन लगा कर संचालक को बुलाने का प्रयास कर रहे थे।

इसी दौरान कोमल की हालत और खराब हो गई। परिजन उसे कानपुर ले जा रहे थे लेकिन कुछ दूर जाकर लगा कि कोमल की सांसे कम आ रहीं है। इस पर वह तत्काल उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।जहां इमरजेंसी के डाक्टर ने जांच के बाद मौत की पुष्टि की। मौत की सूचना परिजनों को देने के बाद मायके कानपुर नगर जनपद के बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिहानी भी दी गई। इस पर वह भी जिला अस्पताल पहुंच गये। ठठिया पुलिस ने दोपहर बाद दो बजे के करीव शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। उधर मृतका के मायके पक्ष के लोग आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे। बताया जाता है कि मृतका के एक पुत्री है। वह सीजर से हुई थी।


जिला अस्पताल में गर्भवती की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार

कानपुर, रविवार, 29 मार्च 2026

कन्नौज-फर्रुखाबाद

## न्यूज ब्रीफ

### मकरंदनगर को निकली युवती को ले गया युवक

**कन्नौज।** घर से मकरंदनगर को निकली युवती को युवक वहला फुसला कर ले गया। युवती की मां ने सदर कोतवाली में कांशीराम कालोनी अकबरपुर सरायघाघ निवासी नवाब पुत्र गुड्डू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि 27 मार्च को शाम करीव 04 बजे उसकी पुत्री मकरंदनगर गई थी जहां से साथ ले गया। कुछ लोगों ने पुत्री को नवाब के साथ जाते देखा।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं समस्याएं

**छिबरामऊ/गुरसहायगंज।** छिबरामऊ में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार ने समस्याएं सुनीं। गुरसहायगंज में कोतवाल अजय अवस्थी ने सुनवाई की। छिबरामऊ में कुल 05 शिकायतें दर्ज कराई गईं जिनमें तीन मामले राजस्व विभाग से और दो मामले पुलिस विभाग से संबंधित थे। गुरसहायगंज प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को गुरसहायगंज कोतवाली परिसर में कोतवाल के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 06 शिकायती पत्र आए। 03 राजस्व व 03 पुलिस संबंधी शिकायतों में एक भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

### दो घंटे गुल रही जिला अस्पताल की बिजली, भटके मरीज

**कन्नौज।** जिला अस्पताल की फिर दो घंटे बिजली काट दी गई। इससे अल्ट्रासाउंड, एक्सरे व ब्लड जांच कराने पहुंचे मरीज भटकते रहे। 12 बजे के बाद बिजली आने पर मरीजों की जांचें की गई। जिला अस्पताल का स्वतंत्र फीडर होने के बाद भी बिजली काटी जा रही है। सुबह 10 बजे के बाद करीब दो घंटे बिजली काटे जाने से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गईं। अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, सीटी स्कैन, ब्लड जांच की मशीनें नहीं चल सकी। इससे मरीज भटकते रहे। बीते सप्ताह भी विभाग ने बिना सूचना के करीब तीन घंटे बिजली काट दी थी। जानकारी होने पर एक्सईएन ने पहले से सूचना न देने पर कर्मचारियों को फटकार लगाई थी। चेतावनी दी थी कि अगली बार से मीडिया को सूचना देकर ही कटौती की जाए।

# 45 मिनट देरी पर गर्मायी राजनीति, लंबित शिकायत में खामोशी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- समाज कल्याण मंत्री के पत्र व सोशल मीडिया पर पोस्ट के बाद सूबे में अफसरशाही पर उठे सवाल
- पीड़ितों को योजनाओं का लाभ दिलाने में देरी व आईजीआरएस निस्तारण में हीलाहवाली पर चुप्पी

**अमृत विचार।** शहर के रोमा स्मारक में तीन दिन पहले आयोजित सरकारी कार्यक्रम में डीएम व एसपी के 45 मिनट देरी से पहुंचने को लेकर सूबे की राजनीति गर्मा गई। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इसको लेकर पत्र तो लिखा, साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट भी किए। दूसरी ओर सवाल यह उठता है कि अगर इसी तरह जनता के मामलों को भी गंभीरता से लिया जाए तो आधे से अधिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। आईजीआरएस पोर्टल पर बिजली विभाग की एक शिकायत 1344 घंटे यानि 80,640 मिनट से लंबित है। इसका संज्ञान नहीं लिया गया है। इस तरह के मामलों में भी कार्रवाई होनी चाहिए।



आईजीआरएस से की गई बिजली विभाग की लंबित शिकायत। अमृत विचार

जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की ओर से 26 मार्च को सरकार के नौ साल पूरे होने पर 'अपनी जड़ों को खोजें' कार्यक्रम आयोजित हुआ। उसी दिन शाम साढ़े पांच बजे के करीब मुख्य अतिथि मंत्री असीम अरुण पत्नी ज्योत्सना के साथ रोमा स्मारक मुक्ता काशी मंच पहुंचे। उसके बाद एसडीएम सदर वैशाली व एडीएम देवेंद्र सिंह शामिल हुए। 45 मिनट इंतजार करने के बाद मंत्री इसलिए चले गए कि डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार नहीं पहुंच सके। चर्चा है कि इसके बाद अधिकारियों ने मंत्री की मान मनौव्वल की लेकिन प्रयास सफल नहीं हुए। यहां महज 45 मिनट की देरी हुई तो हंगामा शुरू हुआ और सूबे में यह प्रकरण चर्चा का विषय बना। दूसरी ओर कहा जा रहा है कि कई विभागों के अधिकारी समय पर कार्य निपटाने में ध्यान नहीं देते हैं इस वजह से पीड़ितों के जख्म और बड़े हो जाते हैं। तिर्वा के एक व्यक्ति ने 31 जनवरी को बिजली विभाग को आईजीआरएस नंबर 40016026001707 से शिकायत की। कहा, मीटर का नंबर गलत पड़ा है उसे सही किया जाए। विभाग में जमा पुराने मीटर की रीडिंग दिखाकर बताया जाए, लेकिन जिम्मेदार महकमे ने 56 दिन यानि 1344 घंटे (80,640 मिनट) गुजरने के बाद भी समस्या हल नहीं की। खास बात यह है कि जनता दरबार, आईजीआरएस व तहसील व थाना के संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को सात से 15 दिनों में निस्तारित किया जाए लेकिन यहां मामला दो महीने के बाद भी जस का तस बना है। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में अफसर कंजूसी बरतते हैं।

> अगर 56 दिन बाद भी उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से शिकायत का निस्तारण नहीं किया गया है तो वह डिफाल्टर श्रेणी में आ गया है। इसका संज्ञान स्वयं लेंगे और कार्रवाई की जाएगी।
> 
> -आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, डीएम

# मांगे पूरी न होने पर सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन कर किया कार्य का बहिष्कार

संवाददाता, गुरसहायगंज (कन्नौज)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के द्वारा की गई मांगे पूरी न होने के चलते सफाई कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया और सड़कों पर कूड़ा फैला कर विरोध प्रदर्शन किया। ईओ व चेयरमैन प्रतिनिधि ने सफाई कर्मियों को एक सप्ताह में मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया।

शनिवार की सुबह राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राजा सिंह बाल्मीकि के नेतृत्व में तमाम सफाई कर्मी झाड़ू लेकर सड़क पर उतर आए और कार्य बहिष्कार करते हुए कूड़ा फैला कर विरोध प्रदर्शन किया। ईपीएफ खातों में न भेजे जाने, ईएसआई कार्ड, सुरक्षा उपकरण, वर्दी आदि मांगों को पूरा न किए जाने को लेकर नगर पालिका परिषद व कार्यदायी संस्था आर्यन ग्रुप के विरुद्ध नारेबाजी की। कई घंटों तक सफाई कर्मी कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन करते रहे।

दोपहर बाद अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार व चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने नगर पालिका कार्यालय में सफाई कर्मियों से वार्ता की और एक सप्ताह में मांगों को पूरा करने व ईपीएफ का पैसा खातों में भेजने का आश्वासन दिया। जिस पर सफाई कर्मी मान गए और काम पर वापस लौट गए। सर्वेश, रोहित, आकश, शैलेश, नितिन, सुनील कुमार, विवेक, नितिन, सुनील, आशा देवी, रूबी, लख्मी, सुलेखा, दीपक, नीरज, विकास, जितेन्द्र, रामा, सुमन, मोनू, सूरज, मोतीलाल आदि रहे।

# 14,299 सिलेंडर का भंडार फिर भी होम डिलीवरी नहीं

## मोबाइल पर डीएसी नंबर मिलने के बाद भी एजेंसियां नहीं भेज रहीं गैस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पहले लाइन में लगवाकर कनेक्शनधारकों को देते बाउचर, उसके बाद एलपीजी का नंबर
- पंपों पर 9.69 लाख लीटर डीजल व 8.82 लाख लीटर पेट्रोल के स्टॉक का भी दावा

**अमृत विचार।** अधिकारियों का दावा है कि जनपद में 14,299 रसोई गैस सिलेंडरों का भंडार है। खास बात यह है कि इसके बाद भी कनेक्शनधारकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। होम डिलीवरी का लाभ नहीं दिया जा रहा है। बाउचर के नाम पर लोगों को लाइन में लगवाया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों के भी उपभोक्ता बार- बार एजेंसियों की दौड़ लगा रहे हैं। दूसरी ओर पंपों पर 9.69 लाख लीटर डीजल व 8.82 लाख लीटर पेट्रोल का स्टॉक होने का दावा भी किया गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया कि जिले में कुल 28 गैस एजेंसियां हैं। घरेलू एलपीजी का प्रारंभिक स्टॉक 14,299 सिलेंडर है। कुल बिक्री 3,836 सिलेंडर तथा आमद 6,103 सिलेंडर रही है। उन्होंने बताया कि आंकड़ों से स्पष्ट है कि जनपद में ईंधन एवं घरेलू एलपीजी का स्टॉक पर्याप्त एवं संतोषजनक है। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि एलपीजी उपभोक्ता निर्धारित समय पर बुकिंग कर रिफिल प्राप्त करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को आपूर्ति मिलती रहे। उन्होंने बताया कि कुल 82 पेट्रोल पंपों पर डीजल का प्रारंभिक संयुक्त स्टॉक 969 केएल यानि 09 लाख 69 हजार लीटर है। पेट्रोल 882 केएल यानि 8.82 लाख लीटर उपलब्ध है। डीजल की कुल बिक्री 483 केएल एवं पेट्रोल की 190 केएल दर्ज की गई। उधर, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने छिबरामऊ एवं अकबरपुर के मध्य स्थित भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईंधन की उपलब्धता, माप-तौल की शुद्धता, उपभोक्ताओं की सुविधा तथा अभिलेखों को बारीकी से देखा। बताया गया है कि छिबरामऊ क्षेत्र में 02 पेट्रोल पंप एवं 01 गैस एजेंसी तथा तिर्वा क्षेत्र में 03 पेट्रोल पंप एवं 02 गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया।गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ पहले की अपेक्षा नियंत्रित पाई गई। एजेंसियों को ई-केवाईसी कार्य के लिए पृथक काउंटर/ विंडो स्थापित करने के निर्देश दिए गए, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े।

## दुर्घटना में अधेड़ की मौत, पुत्र गम्भीर

**कन्नौज।** देर शाम तालग्राम थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना में अधेड़ की मौत हो गई जबकि पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। थाना इंदरगढ़ अंतर्गत गांव मनिकापुर निवासी सुभाषचंद्र शर्मा (55) कस्बा इंदरगढ़ के पटेल तिराह पर लोहारी का काम करते थे। शनिवार की देर शाम पुत्र मोहित (23) के साथ दवा लेने फर्रुखाबाद जा रहे थे। बाइक को उनका पुत्र चला रहा था। शाम छह बजे के करीब क्षेत्र के ताहपुर ईशन नदी पुल से कुछ दूरी पर निमार्णाधीन पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार कार

ने टक्कर मार दी। जिससे पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक कार समेत मौके से भाग गया। सूचना पर चौकी प्रभारी सलेमपुर अवनीश कुमार, अनिल कुमार शर्मा, डायल 122 पुलिस पहुंची। एंबुलेंस से दोनों घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया। जहां सुभाषचंद्र को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवा दिया।





क्षेत्र पंचायत उमर्दा की बैठक में मौजूद ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव व सदस्य। अमृत विचार

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में 3 करोड़ के प्रस्ताव

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- ग्राम प्रधान टाइड फंड से शौचालयों का मेंटिनेंस करेंगे

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत की बैठक में सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए। इसमें करीब तीन करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। तय हुआ कि क्षेत्र में जर्जर पड़े शौचालयों का जीर्णोद्धाल टाइड फंड से किया जाएगा।

शनिवार को खंड विकास सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान की सामूहिक बैठक ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र पंचायत की तरफ से सोलर लाइट, वाटर कूलर, इंटरलॉकिंग, पुलिया तथा खंड विकास परिसर के कायाकल्प के लिए राज्य वित्त, पंचम राज्य वित्त, 15वां केंद्रीय वित्त, टाइड व अनटाइड फंड से विकास कार्य कराने का प्रस्ताव किया गया। बैठक में एडीओ समाज कल्याण दिव्या ने मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह तथा विकलांग वृद्धावस्था तथा विधवा पेंशन के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार खंड विकास अधिकारी श्रीमती सोनिया श्रीवास्तव ने सभी ग्राम सभाओं में चलाए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी तथा पूरे ब्लॉक क्षेत्र में संचालित 26 गौशालाओं में हरा चारा की बुवाई करने के लिए जमीन तैयार करने का भी निर्देश दिया है। बैठक में डॉ. राजन शर्मा, आलोक कुमार, संजय पाठक, योगेश शुक्ला, पंचायत सदस्य सत्येंद्र राजपूत सहित दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव भी मौजूद रहे।

# सरकारी कार्यालयों में 'लेट लतीफी' पर लगेगी लगाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- समाज कल्याण मंत्री ने जिलेभर के अधिकारियों के साथ की ऑनलाइन मीटिंग

**अमृत विचार।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा है कि सरकारी कार्यालयों में ''लेट-लतीफी'' पर लगाम लगाई जाएगी। सरकारी अस्पतालों में अगर डॉक्टर छुट्टी पर रहते हैं तो इसकी जानकारी मरीजों व तीमारदारों को मिल सके ऐसी व्यवस्था की जाए। यह निर्देश उन्होंने जनपद के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग में दिए हैं।

शनिवार शाम पांच बजे शुरू हुई बैठक में उन्होंने कहा कि सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक हर हाल में अधिकारी कार्यालयों में मौजूद रहें और जनसुनवाई करें। इस समय कोई भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नहीं होगी। अधिकारी शाम साढ़े पांच बजे तक रुकेंगे। इसके साथ ही सीएमओ, सीवीओ व सीएमएस को निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में अगर कोई डॉक्टर अवकाश पर जाते हैं तो इसकी सूचना मरीजों तक पहुंच सके। बैठक के दौरान एक जनप्रतिनिधि ने कहा कि लेखपालों को जल्द नहीं ढूंढा जा सकता है, इसमें भी पहल की जाए। स्कूल व अस्पताल समय पर खुलें अगर कहीं दिक्कत आती है तो जनप्रतिनिधि या अन्य व्यक्ति डायल नंबर 1077 पर जानकारी दें। साथ ही मंत्री ने एलपीजी, डीजल व पेट्रोल की हकीकत देखने के लिए छापेमारी करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि कन्नौज में अब सरकारी आयोजन हों या विभागीय कार्य, सब 'ऑन टाइम' होंगे। हम एक ऐसी कार्य-संस्कृति विकसित कर रहे हैं जहां नागरिक के समय का सम्मान सर्वोपरि होगा। बैठक में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार व सीडीओ राम कृपाल चौधरी, सभी ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी सम्मिलित हुए।

### राज्यमंत्री ने जारी किया सप्त-सूत्रीय'अनुशासन निर्देश

**कन्नौज।** मंत्री ने कहा कि सप्त सूत्रीय अनुशासन से व्यवस्था बदलेगी। इसमें समय की शुचिता व उनकी हाजिरी देखी जाएगी। 'पब्लिक ऑवर' का सम्मान होगा।अटेंडेंस मॉनिटरिंग, कार्य-जीवन संतुलन, सर्व-व्यापी नियम, जनता की भागीदारी (शिकायत सेल), दैनिक समीक्षा, भ्रष्टाचार और लापरवाही पर 'जीरो टॉलरेंस' अपनाया जाएगा। विकसित देशों की तर्ज पर कन्नौज की कार्यप्रणाली को विश्वस्तरीय बनाने के लिए समयशीलता को हमारे सिस्टम के डीएनए में शामिल करना होगा।

# दुष्कर्म के आरोपी से पुलिस मुठभेड़ पैर में लगी गोली, सिपाही भी जख्मी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज क्षेत्र में बालिका से दुष्कर्म के आरोपी की तलाश कर रही पुलिस टीम का आमना-सामना आखिरकार आरोपी से हो गया और देखते ही देखते स्थिति मुठभेड़ में बदल गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी।

सूचना के आधार पर पुलिस को आरोपी अशोक राजपूत पुत्र अनन्त राम की लोकेशन मिली, जिसके बाद टीम ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की और खुद को बचाने के लिए फायरिंग कर दी। जिस में सिपाही लोकेंद्र सिंह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई



घायल आरोपी को अस्पताल ले जाते सिपाही। अमृत विचार

की, जिसमें आरोपी अशोक के पैर में गोली लग गई और वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा। मुठभेड़ के दौरान हालात इतने तनावपूर्ण हो गए कि एक सिपाही भी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि अफरा-तफरी के बीच लगी चोट के चलते सिपाही को तुरंत मौके से हटाकर अस्पताल भेजा गया। वहीं घायल आरोपी को भी पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी निगरानी में उपचार चल रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ पहले से ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था और घटना के बाद से ही वह फरार था।

# नगर में धूमधाम से निकाली गई मां भगवती की शोभायात्रा

**गुरसहायगंज।** अमृत विचार। दुर्गा महोत्सव के बाद नगर में धूमधाम से मां भगवती की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को नगर भ्रमण कराने के बाद जलेसर घाट स्थित पतित पावनी मां गंगा में मूर्ति को विसर्जित किया गया।

शनिवार को गंगेश्वर नाथ सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर से मां भगवती की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा को जीटी रोड, तिराहा, चकोर गली, रामगंज आदि स्थानों पर भ्रमण कराने के बाद पुनः मंदिर परिसर में लाया गया। इसके बाद मां भगवती की मूर्ति को जलेसर स्थित गंगा घाट पर ले जाकर विसर्जित किया गया। इससे पूर्व शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत और गगनभेदी जयकारे लगाए गए। युवाओं ने हाथों में धर्म ध्वजा लेकर ढोल, नगाड़ों की धुन पर जयश्रीराम व मां भगवती के जयकारे लगाए।



नगर में शोभायात्रा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

# रन फॉर इम्पॉवरमेंट में जमकर बहाया पसीना

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस लाइन में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रन फॉर इम्पॉवरमेंट दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं और महिला पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पूरे जोश के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।





रन फॉर इम्पॉवरमेंट की अगुवाई करतीं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह।

इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में एक आकर्षक मिशन शक्ति सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया, जो कार्यक्रम का खास आकर्षण बना रहा। यहां प्रतिभागी बालिकाओं और महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक अपनी तस्वीरें खिंचवाई और इस अभियान की यादों को संजोया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है और ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं।

समस्या

## किसान बोले, बीज-खाद और उनकी मेहनत सब पानी में डूबा

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से सैकड़ों बीघा फसलें डूबीं

संवाददाता, अमृतपुर

**अमृत विचार।** अमृतपुर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर बढ़ने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गंगा और रामगंगा नदियों के बीच सैकड़ों बीघा पहलेज की फसल पानी में डूब गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। तीसराम की मड़ैया गांव के लगभग एक दर्जन किसानों, जिनमें अमिताभ, दिनेश, तुलाराम, बाबा, छविराम, राजू, सुरेंद्र, मदनपाल और कल्लू शामिल हैं, ने कर्ज लेकर गंगा किनारे लगभग 200 बीघा भूमि पर तरबूज, लौकी, खीरा, ककड़ी, करेला और तुरई की खेती की थी। फसलें तैयार होने के शुरुआती चरण में थीं और पेड़ों पर फल लगने शुरू हो गए थे,



गंगा का जलस्तर बढ़ने से पानी में डूबी पहलेज की फसल। अमृत विचार

तभी अचानक गंगा का जलस्तर बढ़ने से पूरी फसल जलमग्न हो गई। किसानों के अनुसार, प्रत्येक किसान ने 25 हजार रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक की लागत लगाई थी। बीज, खाद और उनकी मेहनत सब पानी में बह गई है। अब उन्हें ब्याज पर लिए गए पैसे चुकाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिन शुक्रवार हुई हल्की बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। किसानों का कहना है कि खेतों में जलभराव तेजी से बढ़ रहा है और गंगा का जलस्तर और ऊपर जा सकता है। इससे बची-खुची फसल भी पूरी तरह नष्ट होने की आशंका है। किसानों ने बताया कि वे पहले से ही बाढ़ और गरीबी से जूझ रहे थे। इस बार की खेती से उन्हें उम्मीद थी कि उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी, लेकिन गंगा के बढ़ते पानी ने उनकी सभी उम्मीदें खत्म कर दी हैं। उन्होंने सरकार से बाढ़ और जलभराव से राहत के ठोस इंतजाम करने तथा मदद उपलब्ध कराने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो ऑटो की भिड़ंत में चार घायल

भरथना। थाना क्षेत्र के अंतर्गत भरथना–बकेवर मार्ग पर मोढ़ी गांव के पास दो सवारियों से भरे ऑटो आमने-सामने टकरा गए। हादसे में ऑटो चालक समेत चार लोग घायल हो गए। घटना दोपहर करीब साढ़े बारह बजे की है। जब दो आटो सवारियां लेकर जा रहे थे तभी मोढी गांव के पास दोनों में आमने सामने की भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें बैठे लोग घायल हो गए। घायलों में अदलीपुर निवासी ऑटो चालक स्वदेश पुत्र सूरज सिंह, नगला जिंद निवासी बाबू पुत्र शीतल, रूबी पत्नी शीतल और सिद्धि पुत्री बबलू शामिल हैं। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की गई जान

भरथना। कस्बे के रेलवे स्टेशन के समीप अपलाइन पर पोल संख्या 1136/30 के पास एक युवक का शव पड़े मिलने से बुधवार को इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह ट्रैक के किनारे शव देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों और जीआरपी को दी, जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। बाद में उसकी पहचान हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान सूरज कुमार (27) पुत्र श्रीराम प्रकाश निवासी नेवादा, थाना मिश्रिख, जनपद सीतापुर के रूप में की। पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सूरज कुमार 04055 बलिया–आनंद विहार एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि भरथना रेलवे स्टेशन के पास किसी समय वह असंतुलित होकर ट्रेन से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### थ्रेसर की चपेट में आने से युवक गम्भीर घायल

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत फुंदी की मड़ैया में थ्रेसर पर काम करने के दौरान एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भागीरथ पुत्र रामेश्वर निवासी जोधपुरा इकदिल फुंदी की मड़ैया में थ्रेसर पर काम कर रहा था तभी थ्रेसर से उसका हाथ कट गया और सिर में गम्भीर चोटें आईं। घटना की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### पांचवां शादी सम्मेलन नारायण धाम में 5 को

इटावा। ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख़ बोर्ड यूनिट इटावा के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने बताया कि पांचवां शादी सम्मेलन 5 अप्रैल को नारायण धाम पर होगा। मुख्य अतिथि सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी कछौछा राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख़ बोर्ड होंगे। जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद एवं उनकी टीम ने शादी सम्मेलन का आमंत्रण कार्ड सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री व जसवंतनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव को उनके आवास पर सौंपा और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर क़ौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन उपस्थित रहे।

# फांसी पर लटका मिला छात्रा का शव

## पिता ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी, मड़ैया शिवनारायण का मामला

कार्यालय संवाददाता इटावा



रोते–बिलखते परिजन और मृतका की फ़ाइल फोटो इनसेट। अमृत विचार

अमृत विचार। कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत मड़ैया शिवनारायण में एक छात्रा का शव सन्दिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार यशोदा 17 वर्ष पुत्री राजेंद्र सिंह निवासी मड़ैया शिवनारायण का शव घर पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना के दौरान मृतका का परिवार पड़ोसी मन बहादुर के झंडे के साथ सुबह लगभग 4 बजे काली वाहन मंदिर गया था। मृतका घर पर अकेली थी। मृतका के पिता राजेन्द्र सिंह ने बताया जब हम लोग झंडा चढ़ाकर सुबह 6 बजे घर लौटे तो उसकी

- परिजन काली वाहन मंदिर में झंडा चढ़ाने गये हुए थे

पुत्री फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पिता का कहना है कि उसके कमरे की ऊंचाई साढ़े ग्यारह फुट है इतनी ऊंचाई पर कोई कैसे फांसी लगा सकता है और कुर्सी भी ठीक जगह रखी थी और घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। पिता का आरोप है कि किसी ने उसकी पुत्री की गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटका दिया। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री यशोदा हुकुम सिंह महाविद्यालय इकदिल में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी और कम्प्यूटर का कोर्स भी कर रही थी। मृतका दोपहर में अपनी सहेली के साथ काली वाहन मंदिर गई थी और घर वापस आ गई थी।

घटना की सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही को पूरा कर शव का पोस्टमार्टम कराया। घटना से मृतका के परिवार में मातम छा गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### विधवा का शव फंदे पर लटका मिला

चकरनगर। सहसों थाना क्षेत्र के गांव भदौरियनपुरा में शुक्रवार शाम को एक विधवा का शव फंदे पर लटका मिला। जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख–पुकार मच गई। मृतका के पति की तीन साल पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। माता–पिता की मौत के बाद तीन बेटियां अनाथ हो गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी। शुक्रवार शाम सात बजे भदौरियनपुरा निवासी रानी देवी (30) का शव अपने कमरे में फंदे पर लटका मिला। उस समय वह घर में अकेली थीं। देर शाम जब बेटियां खाना खाने के लिए मां को बुलाने पहुंचीं और दरवाजा नहीं खुला, तो उन्होंने आसपास के लोगों को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से दरवाजा खोला गया, तो महिला का शव फंदे पर लटकता मिला। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला ने फंदा लगाकर जान दी है। मृतका के पति की करीब तीन वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी, जिसके बाद से वह अकेले ही परिवार का पालन–पोषण कर रही थी। फिलहाल आत्महत्या के कारण पता नहीं चल सका है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली की सप्लाई में न हो रुकावट, खराब ट्रांसफार्मर बदलें

कार्यालय संवाददाता इटावा

- बिजली विभाग की कार्ययोजना की बैठक में विधायक ने दिए निर्देश

अमृत विचार। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा है कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। इस तरह की व्यवस्था करें जिससे बिजली सप्लाई में कोई रुकावट ना आए। यदि ट्रांसफार्मर में खराबी आती है तो उसको बदला जाए।

बिजली विभाग की अगले वित्तीय वर्ष की कार्य योजना से संबंधित बैठक में सदर विधायक ने कहा कि गर्मी के दिनों में अक्सर बिजली सप्लाई में दिक्कत होती है, जिससे लोग परेशान होते हैं। यदि ट्रांसफार्मर खराब होने या फुंकने की शिकायतें आती है बिजली विभाग इन्हें गंभीरता से ले। यदि ट्रांसफार्मर में खराबी है तो उसको तत्काल बदलकर संबंधित क्षेत्र की बिजली सप्लाई चालू की जाए। सरकार के निर्देशों के तहत बिजली सप्लाई दी जाए इसमें बाधा ना आए और बिजली के कारण उपभोक्ताओं को परेशान ना होना पड़े।

उन्होंने यह भी कहा बिजली बिलों में गड़बड़ी की शिकायतें आ रही हैं यह ठीक नहीं है। यदि बिलों में गलती है तो उसमें तत्काल संशोधन करके उपभोक्ता को सही बिल देकर राहत दें। वहीं भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम ने कहा कि बिजली विभाग के कामकाज में लापरवाही की शिकायतें आ रही हैं। बिलों में संशोधन में काफी देर होती है इसके लिए लोगों को विभाग के कार्यालय के चक्कर भी लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में सुधार किया जाए। सांसद जितेंद्र दोहरे के प्रतिनिधि आदित्य गोविंद ने बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के जल्द निस्तारण की बात कही। बैठक में अधीक्षण अभियंता ऋषभदेव, अधिशासी अभियंता प्रथम हनुमान प्रसाद मिश्र सहित बिजली विभाग के सभी अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी मौजूद रहे।

# विभागाध्यक्ष समेत 14 स्टाफ दोषी

सैफई विवि दुष्कर्म कांड

संवाददाता सैफई इटावा

- कंपनी भी घेरे में, जांच कमेटी ने सौंपी अपनी रिपोर्ट

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के मानसिक रोग विभाग में भर्ती मानसिक मंदित महिला से दुष्कर्म प्रकरण में बड़ा खुलासा हुआ है। गठित 9 सदस्यीय जांच समिति ने विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एके मिश्रा सहित वार्ड में तैनात समस्त 14 स्टाफ को दोषी पाया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में सफाई कार्य कर रही सन फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की कार्यप्रणाली को भी गंभीर लापरवाही के दायरे में माना गया है।

जांच रिपोर्ट कार्यपरिषद की बैठक में प्रस्तुत किए जाने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबंधित के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश दे दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ एसपी सिंह को जांच अधिकारी तथा प्रशासनिक अधिकारी राज कुमार सचवानी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नामित किया गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि विभागीय जांच की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और आगे किसी प्रकार का विवाद न हो।

सूत्रों के अनुसार जांच में वार्ड की निगरानी व्यवस्था, ड्यूटी सिस्टम, सीसीटीवी मॉनिटरिंग और संविदा कर्मचारियों की तैनाती में गंभीर खामियां सामने आई हैं। रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि जिम्मेदार स्तर पर नियमित निगरानी और जवाबदेही तय न होने के कारण इतनी बड़ी घटना लंबे समय तक सामने नहीं आ सकी। गौरतलब है कि मानसिक रोग विभाग में 14 जून 2025 को करीब 38 वर्षीय अज्ञात मानसिक मंदित महिला को भर्ती कराया गया था, जो बोलने, सुनने और समझने में अक्षम हैं और लंबे समय से उपचाराधीन थी। 17 मार्च 2026 को रुटीन जांच के दौरान उसके करीब पांच माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद इस पूरे प्रकरण का खुलासा हुआ।

प्रारंभिक जांच में सफाई कर्मी रविंद्र कुमार बाल्मीकि निवासी लखना, थाना बकेवर, जनपद इटावा को आरोपी बनाया गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता और आरोपी के डीएनए नमूने विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजे और विशेषज्ञों की मदद से न्यायालय में पीड़िता के बयान भी दर्ज कराए।

घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विभागाध्यक्ष को हटाने के साथ ही संबंधित वार्ड में तैनात एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों को हटाया था और पूरे मामले की जांच के लिए 9 सदस्यीय समिति गठित की गई थी।

अब जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से जिम्मेदारी तय होने के बाद मामला निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है।

### कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

इटावा। कार न मिलने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला लालपुरा निवासी सोनम ने बताया कि परिजनों ने 23 नवंबर 2024 को मोहल्ला चौगुर्जी निवासी शिवम गोयल से शादी की थी। सोनम ने बताया कि ससुरालीजन कार की मांग करने लगे। सोनम का आरोप है कि 18 जनवरी 2025 को पति समेत ससुरालीजनों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति शिवम, ससुर अजय प्रताप सिंह, सास ममता, देवर गगन व मामा संजय निवासी उदी मोड़, थाना बढ़पुरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

# बदमाशों ने चलती बाइक से महिला की सोने की चेन छीनी

संवाददाता बकेवर इटावा

- पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे बदमाशों की पहचान करने में जुटी

अमृत विचार। लवेदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखना से सब्जी खरीदकर लौटते समय मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने लखना-चकरनगर मार्ग स्थित लालपुल के पास महिला के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर लूट ली। यह घटना दोपहर करीब 2 बजे हुई।

बताया गया कि गांव दाउद पुरा निवासी विनोद कुमार तिवारी अपनी पत्नी कमला तिवारी के साथ बाइक से घर जा रहे थे तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनके गले से दो तोले की सोने की चेन झपट्टा मारकर लूट ली और भाग निकले। पीड़ित विनोद कुमार तिवारी जो प्राविधिक शिक्षा विभाग लखनऊ से सेवानिवृत्त हैं ने बताया कि वे बसैयाहार गांव में एक रिश्तेदार के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने आए थे। कथा का समापन होने के बाद शनिवार दोपहर वह अपनी पत्नी के साथ लखना नहर पुल से सब्जी खरीदकर दाउदपुर गांव लौट रहे थे।

जैसे ही वह लालपुल के पास पहुंचे पीछे से आए दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उनकी पत्नी के गले से सोने की जंजीर झपट्टा मार कर छीन ली। इसके बाद लुटेरे दाउदपुर के सामने बम्बा पटरी की ओर भाग निकले। दंपती ने उनका पीछा करने की कोशिश की लेकिन बदमाश फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 और लवेदी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रीति सेंगर और उपनिरीक्षक जितेंद्र चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दाउदपुर स्थित जनसेवा केंद्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस टीम लखना नगर के नया नहर पुल के पास स्थित दुकानों के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि लुटेरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। वहीं पुलिस ने कहा कि लुटेरे जल्द गिरफ्त में होंगे।

# दो बाइकें टकरायीं, दो की मौत, तीन घायल

संवाददाता ताखा इटावा

अमृत विचार। ऊसराहार थाना क्षेत्र में शनिवार को ताखा बरौना मार्ग पर नगला चतुर के सामने दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए।

रवी निवासी रम्पुरा बरौना थाना ऐरवा कटरा जनपद औरैया अपनी भाभी साधना तथा चचेरे भाई संदीप (28) के साथ बाइक से बसरेहर थाना क्षेत्र के खड़कौली गांव में अपनी बहन राखी के घर झंडा चढ़ाने गया था। शनिवार को कार्यक्रम के बाद तीनों लोग वापस लौट रहे थे। करीब चार बजे जब वह ताखा बरौना मार्ग पर नगला चतुर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। तेज गति के कारण टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक चालक करीब पांच मीटर दूर जा गिरे। हादसे के समय किसी भी चालक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। हादसे में बाइक चला रहे संदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रवी और साधना घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार एक युवक की भी मौके पर मौत हो गई, जिसकी जेब से पहचान पत्र मिला जिसमें नाम पवन कुमार निवासी कानपुर देहात है जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है जिसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है, जिसे सीएचसी सरस ई नावर से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची ऊसराहार पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मंगेतर की डांट से क्षुब्ध युवती ने जहर खाया, भर्ती

इटावा। लवेदी क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव की युवती ने अपने मंगेतर की फोन पर डांट से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे भर्ती कराया।

उक्त गांव निवासी राखी (18) के माता-पिता का निधन काफी समय पहले हो चुका है। वह अपने चाचा अनिल कुमार और चाची शांति देवी के साथ रहती है। चाची शांति देवी ने बताया कि मंदिर से लौटते समय फोन पर मंगेतर से विवाद हुआ, जिससे आहत होकर राखी ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर चाचा अनिल और ग्रामीणों की मदद से राखी को 50 शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर सत्येंद्र साहू की देखरेख में उसका उपचार जारी है। चाचा ने बताया कि युवती की हालत स्थिर है।

मनोरंजन के साथ ज्ञान

एडीएम ने झंडी दिखाकर बच्चों को किया रवाना

# शैक्षिक भ्रमण पर गईं छात्र–छात्राएं

कार्यालय संवाददाता इटावा



एडीएम को प्रतीक चिह्न देते आयोजक। अमृत विचार

अमृत विचार। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश तथा जिला प्रशासन इटावा के निर्देश पर जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनपद इटावा के मेधावी छात्र छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन कराया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र- छात्राएं दयालबाग एजुकेशनल इंस्टिट्यूट। आगरा के लिए रवाना किए गए अपर जिलाधिकारी इटावा अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर और बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए दोनों बसों को रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान बच्चों की समस्त जिज्ञासाओं को समाप्त कराया जाना चाहिए और अच्छे माहौल में सुरक्षा के साथ शैक्षिक भ्रमण को कराया जाए।

इस अवसर पर जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. मुकेश यादव ने बताया कि जनपद के सौ छात्र छात्राएं दो बसों द्वारा पूर्व से अनुमति प्राप्त डीम्ड यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों का शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। इस संस्थान के भ्रमण की अनुमति जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रदत्त की गई, जिसके अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह के निर्देश आज यह कार्य संपन्न कराया जा रहा है।

भ्रमण के दौरान छात्र छात्राएं यूनिवर्सिटी की विभिन्न प्रयोगशालाओं का, नवाचारों का तथा नई नई विधाओं का अवलोकन करेंगे। तथा संस्थान के मार्गदर्शकों द्वारा उन्हें शैक्षिक भ्रमण के महत्व तथा वर्तमान उन्नत तकनीक के बारे में समझाया जायेगा। सभी छात्र छात्राएं शैक्षिक भ्रमण के लिये जाते समय प्रफुल्लित नजर आए।

इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ उमेश, पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ कैलाश, इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल गुफरान अहमद, प्रधानाचार्य मंजू भदौरिया, इंजीनियरिंग कॉलेज के मनीष शाह, जिला क्रीड़ा सचिव हेमांशु चॉपला, इंटर कॉलेज से भोले कुमार, लखना से प्रीति सहित कई अन्य विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


## इटावा अर्बन को आपरेटिव बैंक लि0
### प्रधान कार्यालय –28 कृष्णानगर, भर्थना रोड इटावा
### कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटीज इन्टरेस्ट एक्ट 2002 के नियम 9 के साथ सेक्शन 13 (12) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नांकित खाते के सामने उल्लिखित तिथि को बैंक द्वारा डिमाण्ड नोटिस जारी किया गया जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर बकाये को चुकता कर दें। ऋणी द्वारा बकाया ऋण के चुकता न कर सकने पर एतद्वारा ऋणी उसके जमानत कर्ताओं व आम जनता को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी द्वारा उक्त खाते के सामने उल्लिखित तिथि से उक्त अधिनियम के सेक्शन 13 (4) के साथ नियम 9 अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नांकित भू–सम्पत्ति पर कब्जा किया जाता है। खासकर ऋणी एवं आम जनता को एतद्वारा सचेत किया जाता है कि वह सम्पत्ति का किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें। सम्पत्ति के सम्बंध में किया गया कोई भी व्यवहार इटावा अर्बन को आपरेटिब बैंक लि0, इटावा को देय राशि व उस पर व्याज तथा अन्य हर्जे–खर्चे के प्रभार की शर्तो के अनुसार होगा। :–

**सम्पत्ति का विवरण जिस पर प्रतीकात्मक कब्जा किया गया है।**

| क्र. सं. | शाखा का नाम | खाते का नाम | सम्पत्ति का मालिक | बन्धक सम्पत्ति का विवरण | मॉग नोटिस की तिथि | कब्जा नोटिस की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य शाखा इटावा | श्रीमती मन्जू यादव पत्नी श्री दीपक कुमार निवासी विवेक बिहार कालीनी गली नं0 1 फर्रुखाबाद रोड इटावा खाता संख्या 001100217301 | श्रीमती मन्जू यादव पत्नी श्री दीपक कुमार निवासी विवेक विहार कालोनी गली नं0 1 फार्रुखाबाद रोड इटावा | एक किता मकान 30X55= 1650 वर्गफीट मुहल्ला विवेक विहार कालौनी गली नं0 1 फर्रुखाबाद रोड इटावा जिसकी सीमा पूरब–रास्ता समित 25 फीट पश्चिम आराजी विक्रेता, उत्तर–प्लाट संख्या. दक्षिण– प्लाट संख्या–8 | 03.09.2024 (13.2) 11.11. 2024 (134) | 23.03.2026 | 8,56,994,00 (28. 02.2026 पर) + उक्त तिथि के बाद के ब्याज व अन्य खर्च अतिरिक्त) |
| 2 | मुख्य शाखा इटावा | श्री उमेशचन्द्र पुत्र रामचन्द्र निवासी मित्रपुरम कालोनी भर्थना रोड जिला इटावा खाता संख्या 001100214701 | श्री उमेशचन्द्र पुत्र श्री रामचन्द्र एवं श्रीमती रानी देवी पत्नी श्री उमेशचन्द्र निवासी मित्रपुरस कालोनी भर्थना रोड जिला इटावा | एक किता प्लाट 24X 60=1440 वर्गफीट मुहल्ला मित्रपुरम मौजा सिराजमऊ इटावा जिसकी पूरब भूखण्ड सीमा नं0 181 बी पश्चिम रास्ता कम्पनी उत्तर–प्लाट प्रभा यादव दक्षिण– दिनेश कुमार | 15.12.2025 (13.2) 20.02. 2026 (13.4) | 23.03.2026 | 1,16,706.00 (28.02.2026 पर) + उक्त तिथि के वाद के व्याज व अन्य खर्च अतिरिक्त |
| 3 | मुख्य शाखा इटावा | रामकुमारी पत्नी तलवार सिंह एवं श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री मनोज कुमार निवासी 40 भरथना चौराहा अशोक नगर इटावा। खाता संख्या 001100222101 | रामकुमारी पत्नी तलवार सिंह एवं श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री मनोज कुमार निवासी 40 भरथना चौराहा अशोक नगर इटावा। | एक किता मकान 2405.38 वर्गफीट (223.55 वर्गमीटर) मौजा भरथना तुलसीनगर तहसील व जिला इटावा। जिसकी सीमा पूरव जायदाद खरीदारान पश्चिन मकान मुलायम सिंह भदौरिया में मकान दुलारे वाला, उत्तर जायदाद भगवान सिंह व गैलरी दक्षिण जायदाद खरीदारान | 15.12.2025 (13.2) 20.02.2026 (13.4) | 23.03.2026 | 403343.00 (28.02.202647 पर) + उक्त तिथि के बाद के ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त) |
| 4 | मुख्य शाखा इटावा | श्री सलमान खान पुत्र श्री नफीस अहमद निवासी टीला आजाद नगर सुन्दरपुर इटावा खाता संख्या 001100227501 | श्री सती बानो पत्नी श्री नफीस अहमद निवासी टीला आजाद नगर सुन्दरपुर इटावा | एक किता मकान 540.00 वर्गफीट (50.79 वर्गमीटर) मौजा आजाद नगर तहसील व जिला इटावा। जिसकी सीमा पूरब रास्ता 6 फीट पश्चिम–मकान मोती, उत्तर बूंद खां दक्षिण– प्लाट नूर मोहम्मद | 15.12.2025 (13.2) 20.02.2026 (13.4) | 23.03.2026 | 211256.00 (28.02. 2026 पर) उक्त तिथि के बाद के व्याज व अन्य खर्च अतिरिक्त) |
| 5 | शाखा स्टेशन रोड इटावा | श्री सुभाष चन्द्र यादव पुत्र श्री तुकमान सिंह निवासी 1031 नईमण्डी के सामने शकुन्तला नगर इटावा खाता संख्या 021100060201 | श्रीमती ममता यादव पत्नी श्री सुभाष चन्द्र यादव निवासी 1031 नईमण्डी के सामने शकुन्तला नगर इटावा | एक किता मकान 2115 वर्गफीट स्थित मुहल्ला शकुन्तलानगर मौजा कस्बा इटावा, जिसकी सीमा पूरब–बादहू खुली आराजी विक्रेता पश्चिम– प्लाट श्रीकृष्ण यादव उत्तर–प्लाट रतिभान सिंह व मकान रामस्वरुप, रामरतन, रामवीर दक्षिण– गली 10 फीट | 03.09.2024 (13.2) 11.11.2024 (13.4) | 23.03.2026 | 1,59,033.00 (28.02.2026 पर) + उक्त तिथि के वाद के ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त) |
| 6 | शाखा भर्थना | श्री सुरेश चन्द्र यादव पुत्र श्री राधेश्याम निवासी महावीर नगर भर्थना जिला इटावा खाता संख्या 051100017801 | श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री सुरेश चन्द्र यादव निवासी महावीर नगर भर्थना जिला इटावा | एक किता प्लाट 22X 50= 1100 वर्गफीट महावीर नगर भर्थना जिला इटावा, जिसकी सीमा पूरब–मकान रामभरोसे पश्चिम गली 15 फीट उत्तर–घेरा रामभरोसे दक्षिण– मकान ऊषा देवी | 03.09.2024 (13.2) 11.11.2024 (13.4) | 25.03.2026 | 2.92.286.00 (28.02.2026 पर) + उक्त तिथि के वाद के ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त |

प्राधिकृत अधिकारी
इटावा अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि०
मुख्यालय इटावा।

न्यूज ब्रीफ

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**बिधूना (औरैया)।** शनिवार सुबह उपमंडी स्थल के पीछे एक 45 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव आम के पेड़ की डाल से लटकता मिला। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी की ।मृतक की जेब में पड़े आधार कार्ड से उसकी पहचान हेतराम निवासी पीपरपुर थाना फफूंद के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के स्वजनों को दे दी। जिस पर उसके स्वजन भी मौके पर पहुंच गए। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक बाग के समीप अपनी एक महिला रिश्तेदार के यहां रह कर राजमिस्त्री का काम करता था।

## सामुदायिक शौचालय का सबमर्सिबल चोरी

**फफूंद (औरैया)।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैंसोल के मुख्य बाजार स्थित सामुदायिक शौचालय से शुक्रवार रात अज्ञात चोर सबमर्सिबल चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह सफाई करने पहुंची केयरटेकर नीतू देवी ने सबमर्सिबल पंप उखड़ा देखा तो मामले की जानकारी प्रधान को दी। सूचना पर प्रतिनिधि अमित कुमार मौके पर पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया।अमित कुमार ने बताया कि चोर सबमर्सिबल की मोटर चोरी कर ले गए है।

## दबंगों ने दंपति को किया घायल

**कुदरकोट (औरैया)।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव पदमपुरा में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों द्वारा पति-पत्नी के साथ मारपीट की। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि पदमपुरा गांव निवासी विश्राम सिंह दोहरे पुत्र दीनदयाल ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 8 :30 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही प्रवीन कुमार दोहरे, बंटू दोहरे और आदित्य दोहरे वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी रेशमा को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीट दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल महिला को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा ले जाया गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से किसान की थम गईं सांसें

### दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर धारा का पूर्वा गांव के सामने हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, औरैया



जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर शनिवार दोपहर एक हादसे में किसान की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना पाता चौकी क्षेत्र के धारा का पूर्वा गांव के सामने डाउन लाइन पर खंभा संख्या 1111/26 के पास हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा दोपहर करीब 2:40 बजे उस समय हुआ जब 45 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र नाथूराम किसी कारणवश रेलवे ट्रैक पर आ गए और वैष्णो देवी कटरा-सूबेदारगंज एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक पर शव पड़े होने के कारण पीछे से आ रही सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा, जिससे रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। मृतक की पहचान दशहरा गांव निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई। मौके पर पहुंचे उनके भाई शिवकुमार ने शव की शिनाख्त की। सूचना मिलते ही आरपीएफ के मनोज कुमार और पाता चौकी से उपनिरीक्षक विक्रम सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने उपनिरीक्षक तेज बहादुर व अन्य पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी सरोजनी देवी और तीन बेटे रवि, संजय व अंश हैं। रवि और संजय विवाहित हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रेलवे विभाग की ओर से कीमैन राजेंद्र सिंह ने घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी है।

## बिजली विभाग ने 2 लाख वसूले 30 कनेक्शन काटे

**बेला (औरैया)।** कस्बे में शनिवार को बिजली विभाग द्वारा चलाए गए सघन चेकिंग अभियान से बकायेदारों और बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। विभाग की टीम ने अभियान के दौरान करीब 2 लाख रुपये का राजस्व वसूला, जबकि बकाया बिल जमा न करने वाले 30 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए।

अभियान के तहत टीम ने विभिन्न मोहल्लों में जांच कर उन उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की, जो लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं कर रहे थे या अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। कई उपभोक्ताओं को मौके पर ही बकाया जमा कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अवर अभियंता वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने सख्ती दिखाते हुए बार-बार चेतावनी के बावजूद भुगतान न करने वालों के कनेक्शन विच्छेदित किए। अवर अभियंता वीरेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग का उद्देश्य बिजली चोरी पर रोक लगाना और राजस्व वसूली बढ़ाना है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय पर बिजली बिल जमा करें।

## बचपन स्कूल का वार्षिक परीक्षा रिपोर्ट कार्ड कार्यक्रम आयोजित

**बिधूना।** नगर की सर्वाधिक प्रख्यात शिक्षण संस्था बचपन स्कूल का शनिवार को 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अधिकांश बच्चों ने बेहतर अंक प्राप्त कर अपना और स्कूल का मान बढ़ाने का काम किया है। शनिवार को बचपन स्कूल के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट कार्यक्रम का आयोजन गजेंद्र सिंह पब्लिक पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की चेयरमैन रचना सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर मौजूद बच्चों के माता-पिता के द्वारा भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। स्कूल की चेयरमैन रचना सिंह ने कहा कि बचपन स्कूल की सारे भारत में ब्रांच हैं। प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षिकाओं को बेहतर शिक्षण कार्य के लिये स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

## धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बे के नहर बाजार स्थित प्रसिद्ध महामाई मंदिर में झंडा शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। यह यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर सराय बाजार, स्टेशन बाजार और नहर मार्ग होते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

शोभायात्रा के दौरान बैंड-बाजों की धुन पर महिलाएं थिरकती नजर आईं, वहीं युवाओं ने भी उत्साह के साथ नृत्य किया। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम थाना प्रभारी पंकज मिश्रा की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# असली दिखा थमाते थे नकली सोना, पुलिस ने गिरोह पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- **दिबियापुर पुलिस, एसओजी टीम ने की संयुक्त कार्रवाई, पकड़े गए 5 आरोपियों से जेवर बरामद**

अमृत विचार। असली सोना दिखाकर नकली सोना बेचने का क्षेत्र में गिरोह सक्रिय था। जिसने कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। थाना दिबियापुर पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में नकली सोने की माला बेचकर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नकली आभूषण, उपकरण और नकदी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत 27 मार्च को दिबियापुर थाना पुलिस और एसओजी टीम ने मुखबिर की सूचना पर अजमतपुर रोड स्थित ब्रह्मदेव मंदिर के पास छापेमारी कर गिरोह के 5 सदस्य भीम भाट, गुलशन शर्मा, पूनम, देवली शर्मा और राजवती को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सुनियोजित तरीके से गांवों, मेलों, गल्ला मंडियों और सब्जी मंडियों में सीधे-सादे लोगों को निशाना बनाते थे। खुद को पुराने खजाने का मालिक बताकर नकली सोने की माला बेचते थे। विश्वास दिलाने के लिए वे असली सोने का छोटा टुकड़ा दिखाकर उसकी जांच भी करवाते थे, जिससे पीड़ित को पूरी माला असली लगती थी और वह ठगी का शिकार हो जाता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 4 किलोग्राम वजन की 3 नकली मालाएं, पीली धातु के तार के बंडल, हुक, चिमटी, सुई-धागा, 3 मोबाइल फोन और 24,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस संबंध में थाना दिबियापुर में पहले से दर्ज मुकदमा संख्या 11/2026 में धारा 318(4), 317(2) और 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। पुलिस टीम की इस सफलता पर अधिकारियों ने सराहना की है।

# एचपीवी वैक्सीन सुरक्षित, 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकीं बालिकाएं अवश्य लगवाएं

संवाददाता, अयाना

**अमृत विचार।** गर्भाशय के कैंसर के रोकथाम के लिए सीएचसी अयाना में शनिवार को एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, सीएमओ डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि वैक्सीन पूर्ण रूप से सुरक्षित है, 14 वर्ष की आयु पूरी करने वाली व 15 वर्ष की आयु से कम की प्रत्येक बालिका को वैक्सीनेशन करवाकर स्वयं को सुरक्षित करना चाहिए।

सएमओ डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर वैश्विक स्तर पर और भारत में भी बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। भारत में महिलाओं में होने वाला यह दूसरा सबसे आम कैंसर है, जिसके प्रतिवर्ष 1 लाख 20 हजार से अधिक नए मामले और लगभग 80 हजार मौतें दर्ज की जाती हैं, जैसा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 2022 की ग्लोबोकैन रिपोर्ट में बताया गया है। देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का उद्देश्य एचपीवी संक्रमण के संभावित खतरे से पहले लड़कियों को सुरक्षा प्रदान करके गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को रोकना है। यह टीका सुरक्षित और प्रभावी है तथा गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के अधिकांश मामलों के लिए जिम्मेदार एचपीवी स्ट्रेन से लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। जिले में 16000 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन के कवच से संरक्षित किया जाएगा। इसके बाद बालिका पल्लवी को एचपीवी का पहला टीका विधायक ने अपनी मौजूदगी में लगवाया। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राकेश सचान, सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार शर्मा, भाजपा के जिला कार्य समिति के सदस्य अरविंद सेंगर, सुमन नायक, सहायक शोध अधिकारी शुभम यादव, वीपीएम चंद्र शेखर, कनिष्ठ सहायक मुकेश बाबू, वैक्सीनेटर प्रीति प्रजापति, स्टाफ नर्स अंजलि पांडेय, विनीता, बीसीपीएम संदीप यादव आदि मौजूद रहे।



सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## हिन्दू युवा मोर्चा संघ ने किया सुंदरकांड पाठ

**फफूंद, औरैया।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में सुन्दर कांड पाठ का आयोजन हुआ। यह आयोजन न्यू प्रतिष्ठान सुमन टॉकीज में पांडेय इलेक्ट्रॉनिक फफूंद के शुभारंभ पर हुआ। सुंदर कांड पाठ का आयोजन हिन्दू युवा मोर्चा संघ के संरक्षक अवशेष पांडेय व आदित्य पांडेय एवं समस्त पांडेय परिवार के आह्वान पर किया गया। 11 बजे भजन कीर्तन के साथ पाठ प्रारंभ होकर 2 बजे बजे तक चलता रहा। इस मौके पर हिन्दू युवा मोर्चा संघ संरक्षक राम अवतार, विनोद तिवारी हृदेश पांडेय, अवशेष पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा आदि रहे।

कार्यक्रम — फफूंद में चल रही भागवत कथा के समापन पर आयोजन

# हवन-पूजन के साथ हुआ भंडारा, गूंजे जयकारे

संवाददाता, फफूंद (औरैया)



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के बाबरपुर रोड फफूंद में दुर्गा देवी मंदिर पर चल रही 9 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शनिवार को विधि-विधान से समापन हो गया।

समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन के बाद शनिवार सुबह हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य अर्पण द्विवेदी महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इसके बाद दोपहर में विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे की शुरुआत क्षेत्र व आसपास स्थित मंदिरों के पुजारियों, संत-महात्माओं तथा कस्बे की कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर की गई। इसके उपरांत उन्हें दक्षिणा भी प्रदान की गई। इसके बाद कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों और बाहर से आए श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का स्मरण करते हुए भक्ति में लीन नजर आए। आयोजन को सफल बनाने में कस्बे वासियों का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजक ने बताया कि 9 दिनों तक चली श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और धर्म लाभ प्राप्त किया।

## कन्याओं को खिलाया खीर का प्रसाद

**फफूंद (औरैया)।** कस्बे के ख्यालीदास मंदिर के सामने चैत्र नवरात्रि की नवमी को फफूंद प्रेस क्लब ने खीर वितरण का आयोजन किया। फफूंद प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने मंदिर में खीर का प्रसाद चढ़ाकर कन्याओं को खिलाकर दक्षिणा दी। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप कठेरिया, अनुराग मिश्रा, विमल पाण्डेय, गोपाल कृष्ण मिश्रा, आकाश उर्फ अक्की भैया, असलम खान, राम किशोर कठेरिया, मुहम्मद नफीस सिद्दीकी, श्यामू अग्निहोत्री, रिषी मिश्रा, महेंद्र दुबे, शब्बीर कुरैशी, अनुज कुशवाहा, शशांक गुप्ता, रेनू गुप्ता, विशाल रंजन त्रिपाठी, शिव नारायण मिश्रा, शादाब अहमद, आकाश बाबू आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## मेला देखने आए युवक से मारपीट

**बेला।** थाना बेला क्षेत्र में मेला देखने आए युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कन्नौज जनपद के रंगीन पुरवा निवासी शैलेंद्र कुमार 27 मार्च को मेला देखने बेला क्षेत्र के मल्हौसी गांव आए थे। आरोप है कि देवी स्थल पर पूजा-पाठ के दौरान बकरे की बलि को लेकर दो अज्ञात व्यक्ति उनसे अतिरिक्त पैसे मांगने लगे। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए शैलेंद्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में शैलेंद्र के चेहरे और दाहिने हाथ में चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए उनके परिजनों के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता और हाथापाई की। आरोपियों ने उनके रिश्तेदार का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पतखुरी विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक :-मेमो/ग्रा0पं0/गौशाला/2025-26 दिनाँक- 28 मार्च 2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा जनपद के समस्त भूसा/चौकर/हरा चारा/आटा चोकर / साइलेज / पशु आहार व्यवसायियों दुकानदारों एवं ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कृषको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पतखुरी विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद हमीरपुर की गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिये सील बन्द निविदाए दिनाँक 29.03.2026 से दिनांक 05.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत पतखुरी विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद-हमीरपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पतखुरी में 05.04.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ की बिक्री दिनाँक 29.03.2026 से दिनाँक 05.04.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत पतखुरी में की जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों/फर्मो की निविदा मूल्य की धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करते हुये उसकी रसीद के प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो आदि की जानकारी ग्राम पंचायत पतखुरी कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न है:-

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | गौवंश की अनुमानित संख्या | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | भूसा | 105 | 1000 + 180 |
| | हरा-चारा | | |
| | साइलेज | | |
| 2. | आटा-चोकर | 105 | 225 + 41 |
| | पशु-आहार | | |

नियम व शर्ते:-
1. गौवंशीय पशुओं के भरण-पोषण हेतु संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग-अलग डाली जा सकती है।
2. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी कियी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत-पतखुरी, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**
**ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत-पतखुरी, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कछवाकला विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक :-मेमो/ग्रा0पं0/गौशाला/2025-26 दिनाँक- 28 मार्च 2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा जनपद के समस्त भूसा/चौकर/हरा चारा/आटा चोकर / साइलेज / पशु आहार व्यवसायियों दुकानदारों एवं ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कृषको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कछवाकला विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद हमीरपुर की गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिये सील बन्द निविदाए दिनाँक 29.03.2026 से दिनांक 05.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत कछवाकला विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद-हमीरपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत कछवाकला में 05.04.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ की बिक्री दिनाँक 29.03.2026 से दिनाँक 05.04.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कछवाकला में की जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों/फर्मो की निविदा मूल्य की धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करते हुये उसकी रसीद के प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो आदि की जानकारी ग्राम पंचायत कछवाकला कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न है:-

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | गौवंश की अनुमानित संख्या | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | भूसा | 110 | 1000 + 180 |
| | हरा-चारा | | |
| | साइलेज | | |
| 2. | आटा-चोकर | 110 | 225 + 41 |
| | पशु-आहार | | |

नियम व शर्ते:-
1. गौवंशीय पशुओं के भरण-पोषण हेतु संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग-अलग डाली जा सकती है।
2. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी कियी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत-कछवाकला, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**
**ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत-कछवाकला, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रावतपुरा विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक :-मेमो/ग्रा0पं0/गौशाला/2025-26 दिनाँक- 28 मार्च 2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा जनपद के समस्त भूसा/चौकर/हरा चारा/आटा चोकर / साइलेज / पशु आहार व्यवसायियों दुकानदारों एवं ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कृषको को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रावतपुरा विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद हमीरपुर की गौशाला में संरक्षित गौवंशीय पशुओं के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति किये जाने के लिये सील बन्द निविदाए दिनाँक 29.03.2026 से दिनांक 05.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत रावतपुरा विकास खण्ड गोहाण्ड जनपद-हमीरपुर में आमंत्रित की जाती है, जो उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत रावतपुरा में 05.04.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओ की बिक्री दिनाँक 29.03.2026 से दिनाँक 04.04.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत रावतपुरा में की जायेगी। निविदा के साथ ठेकेदारों/फर्मो की निविदा मूल्य की धनराशि नगद रूप में कार्यालय में जमा करते हुये उसकी रसीद के प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो आदि की जानकारी ग्राम पंचायत रावतपुरा कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न है:-

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | गौवंश की अनुमानित संख्या | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | भूसा | 55 | 1000 + 180 |
| | हरा-चारा | | |
| | साइलेज | | |
| 2. | आटा-चोकर | 55 | 225 + 41 |
| | पशु-आहार | | |

नियम व शर्ते:-
1. गौवंशीय पशुओं के भरण-पोषण हेतु संख्या 01 एवं 02 में उल्लिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदा अलग-अलग डाली जा सकती है।
2. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी कियी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत-रावतपुरा, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**
**ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत-रावतपुरा, विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

अमृत विचार

कानपुर, रविवार, 29 मार्च 2026

महोबा

## न्यूज ब्रीफ

### एसपी ने समाधान दिवस में सुना दर्द

**महोबा।** चरखारी थाने में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सभी को उनकी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व, पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है। इस मौके पर थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह सहित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उधर जिले के समस्त थाना प्रभारियों ने राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने अपने थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए संयुक्त टीमों ने मौके पर जाकर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की गई।

### 'एक युद्ध-नशे के विरुद्ध' अभियान

**बेलाताल।** एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत शनिवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके सिह राजपूत की देखरेख में रामनारायण जुगल किशोर पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएचसी जैतपुर की आरबीएसके की टीम ने बच्चों के साथ विद्यालय स्टाप को नशा मुक्त जीवन जीने के प्रति प्रेरित किया और अन्य लोगों को भी तंबाकू, गुटखा व अन्य नशीले पदार्थ का सेवन न करने के लिए जोर दिया। लोगों को नशीले पदार्थ से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य टीम की चिकित्सिक आकांक्षा सोनी ने बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकता है। साथ ही बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित खेलकूद करने एवं नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अमित गंगेले, एफएच डब्ल्यू संगीता विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपेन्द्र दीक्षित शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# तीन दिन से ठठेवरा में बिजली की आपूर्ति ठप

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी बहाल नहीं हुई आपूर्ति

**अमृत विचार।** जैतपुर विकास खंड क्षेत्र के ठठेवरा गांव में तीन दिन से बिजली आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे ग्रामीणों को अंधेरे में रात गुजरनी पड़ रही है। बिना बिजली के ग्रामीणों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं, जिससे बिजली गुल होने के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

ठठेवरा गांव में तीन दिन से बिजली आपूर्ति ठप है, बावजूद इसके बिजली के अधिकारी बिजली आपूर्ति बहाल करने में कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। गर्मी में बिजली न आने से लोगों के पंखे कूलर नहीं चल पा रहे, जिससे गं्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ठठेवरा निवासी रामूपाल यादव, चंद्रभान, महेंद्र सिंह, केर सिंह, नवाब सिंह का कहना है कि तीन दिन से गांव अंधेरे में डूबा हुआ।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अवर अभियंता कभी झांकने तक नहीं आता है। एक लाइनमैन लाल सिंह के भरोसे गांव की बिजली व्यवस्था चल रही है, जिससे लाइनमैन भी मनमानी पर उतारू है, वह भी एक प्राइवेट व्यक्ति को गांव में लगाए हुए है। प्राइवेट कर्मचारी भी मनमाने तरीके से आता जाता है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। दो दिन से बिजली आपूर्ति ठप होने के बावत अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

## महिला सिपाहियों ने निकाली स्कूटी रैली

**महोबा।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के तहत स्कूटी रैली निकली। रैली को सदर विधायक राकेश गोस्वामी, एसपी प्रबल प्रताप सिंह, एएसपी वन्दना सिंह ने थाना कोतवाली नगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

स्कूटी रैली सदर कोतवाली से निकलकर तहसील चौराहा, चूडी वाली गली, बस स्टैंड, आल्हा चौक, ऊदल चौक होते हुए सुभाष चौक में सम्पन्न हुई। यहां महिलाओं और बालिकाओं को 1090, 181, 108, 102, 1076, 112, 1098, 1930 की जानकारी दी गई। साइबर साइबर सुरक्षा के उपाय बताए गए। यहां सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह, आरआई शिवकुमार, प्रभारी निरीक्षक मनीष पांडेय, यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी निकिता शुक्ला रहीं।

# अमृत रेलवे स्टेशन में सुविधाओं का टोटा

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- रेलवे स्टेशन में यात्रियों के लिए पंखों का भी इंतजाम नहीं
- गर्मी में पेयजल और शौचालय के लिए होना पड़ता परेशान

**अमृत विचार।** नगर में करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए अमृत रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ में अभी तक जन सुविधाओं का टोटा बना हुआ है। रेलवे स्टेशन में गर्मी से राहत दिलाने वाले लगाए गए पंखे गायब है, जिससे गर्मी का मौसम आते ही लोगों को बिना पंखे के मजबूरन ट्रेनों का इंतजार करते हुए पसीना बहाना पड़ रहा है। वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालय तो बने हैं, लेकिन उनके दरवाजों पर ताले लटके होने से इमरजेंसी होने पर यात्रियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।


कुलपहाड़ के अमृत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पंखे तक नहीं हैं। अमृत विचार

नगर की अमृत रेलवे स्टेशन को विकसित करने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपए का बजट दिया। कस्बे के रेलवे स्टेशन में नये प्लेटफार्म का निर्माण, शौचालय, भवन और आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ओवरब्रिज का निर्माण कराने के बाद भी यात्रियों को जन सुविधाओं का टोटा बना हुआ है। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है, लेकिन प्लेटफार्म नंबर एक पर पंखे नहीं लगाए गए हैं, जिससे यात्री को गर्मी से परेशान रहते हैं। यहां तक कि स्टेशन पर जन सुविधाओं को देखते हुए महिला, पुरूष, दिव्यांग शौचालय का निर्माण तो कराया गया, लेकिन इनमें हमेश ताले लटके रहने से इसका भी लाभ यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है और यात्रियों को शौच के लिए यहां वहां भटकने को मजबूर होना पड़ता है। शौचालयों मे ताला लटका होने से महिला यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

अमृत रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ में पेयजल की समस्या आएदिन बनी रहती है, लेकिन गर्मियों के मौसम में यात्रियों को पेयजल की समस्या से अधिक जूझना पड़ता है। पेयजल की सुचारू व्यवस्था के अभाव में यात्रियों को पेयजल को लेकर यहां वहां भटकना पड़ता है या फिर अधिक पैसा खर्च कर पानी की बोलत खरीना पड़ती है।

समाजसेवी राकेश अरजरिया का कहना है कि इस रेलवे स्टेशन के विकास के लिए करोड़ों रुपए का बजट दिया गया है, लेकिन सम्बन्धित अधिकारियों और ठेकेदारों की उदासीनता के चलते अभी तक सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से अविलंब जन सुविधाओं को सुचारू रूप से व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

# बिजली की चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर राख

## ट्यूबवेल और दमकल गाड़ी की मदद से बुझी आग, आसपास के खेतों की बची फसल

संवाददाता, पनवाड़ी (महोबा)

**अमृत विचार।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के उमरई गांव में शनिवार को खेत से निकली हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से किसान की लाखों रुपये की गेंहू फसल जलकर राख हो गई। इससे किसान के परिवार के सामने आर्थिक संकट पैदा होने के आसार बढ़ गए हैं। दूसरों को अन्न खिलाने वाले अन्नदाता के सामने अब खुद रोजी-रोटी के लाले पड़ गए हैं। हालांकि दमकल विभाग की गाडी और ट्यूबवेल व पंपिंग सेट मशीन चलाकर आसपास के खेतों की फसल को बचा लिया गया है।


आग लगने से खेतों पर फसल पूरी तरह जल गई। अमृत विचार

ग्राम उमरई निवासी विशाल मिश्रा उर्फ लखन महाराज ने 12 बीघा खेत में गेंहू की फसल बोई थी। शनिवार को दोपहर में अचानक हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी गेंहू की पकी फसल पर गिरने से आग लग गई। आग लगते ही आसपास के किसान आग बुझाने में जुट गए, लेकिन फसल सूखी होने के कारण आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। विशाल मिश्रा के खेत के चारो तरफ लगी फसल को बचाने के लिए किसानों ने ट्यूबवेल और पंपिंग सेट मशीन चलाकर आग बुझाना शुरू किया। इसी बीच सूचना पर पहुंचे दमकल वाहन ने पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के खेतों की फसल को बचा लिया गया। अग्निकांड की घटना से किसान के परिवार के सामने अब रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। पीडित किसान ने बताया कि फसल आने पर साल भर के लिए खानपान का इंतजाम कर लिया जाता था। शेष फसल को बेंचकर बच्चों की पढ़ाई व अन्य खर्चे चलाए जाते थे, लेकिन आग की इस घटना से सबकुछ बर्बाद हो गया। किसान ने बताया कि फसल जल जाने से करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इसी तरह 27 मार्च को भी थाना पनवाड़ी क्षेत्र के सिमरिया गांव में मुन्नीलाल के खेत में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से आग लग गई थ, जिससे खेत में गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई थी।

# रामऔतार एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष बने

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बोले-जल्द ही बार एसोसिएशन के चुनाव की होगी घोषणा
- एल्डर्स कमेटी में पांच वरिष्ठ अधिवक्ता सदस्य बनाए गए

**अमृत विचार।** जिला अधिवक्ता समिति ने वरिष्ठ अधिवक्ता रामऔतार सिंह को एल्डर्स कमेटी का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना। उनके अध्यक्ष बनने पर वकीलों ने खुशी जताते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। एल्डर्स कमेटी में प्रेम सिंह, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, लोचन सिंह लोधी, रामदत्त तिवारी और कृष्ण बिहारी दीक्षित को सदस्य चुना गया। एल्डर्स कमेटी की देखरेख में बार एसोसिएशन के चुनाव कराए जाएंगे।

एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रामऔतार सिंह ने कहा कि अब जल्द ही बार एसोसिएशन के चुनाव की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल इलाहाबाद के चुनाव के चलते जिला अधिवक्ता समिति का चुनाव समय पर नहीं हो सका। अब बार काउंसिल इलाहाबाद के चुनाव हो जाने के बाद जिला अधिवक्ता समिति की चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी


एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष को फूलमाला पहनाते अधिवक्ता। अमृत विचार

और जल्द ही अधिवक्ता समिति के सदस्य बनाने का कार्य शुरू कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चुनाव संपन्न कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी और सहायक चुनाव अधिकारियों की भी जल्द घोषणा की जाएगी, जिससे चुनाव प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू हो सके। नवागत अध्यक्ष के स्वागत समारोह कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसहायं राजपूत, उपाध्यक्ष अनिल खरे, महामंत्री अजीत परिहार, कोषाध्यक्ष गगन साहू, हरगोविंद वर्मा, बालेंद्र पाराशर, कामता शरण श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह चौहान, ईरेंद्र बाबू सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हाईवे की हालत से डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में कानपुर सागर हाईवे के महोबा कबरई खंड की खराब रोड, बिजली समस्या, उपखनिजों के अवैध परिवहन और खनिज न्यास निधि से कराए गए कार्यों की खराब गुणवत्ता के प्रकरण उद्यमियों ने प्रस्तुत किए। डीएम ने समस्याओं को सुनते हुए संबन्धित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।


बैठक में मौजूद जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और व्यापारी। अमृत विचार

बैठक में महोबा से कबरई के बीच के एनएचएआई रोड बेहद खराब होने के संबन्ध में जिलाधिकारी ने अत्यधिक नाराजगी व्यक्त करते हुए एनएचएआई के उपस्थित अधिकारी को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में उक्त रोड को मोटरेबल करने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें अन्यथा संबंधित विभाग व कार्यदाई संस्था के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएम ने अन्य प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

बैठक में व्यापारियों ने नए प्रकरणों में क्रेशर उद्योग क्षेत्र में प्लाटिंग करके नवीन बस्तियां बसाने और भारी वाहनों का फिटनेस सेंटर झांसी बनाए जाने में हो रही समस्याओं को भी डीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी और उप संभागीय परिवहन अधिकारी को यथोचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त व्यापार कर और जिला स्तरीय अधिकारियों व व्यापारियों की तरफ से राघवेंद्र सिंह, वसीम अहमद, रूपेंद्र कुमार व नानक चंद रामजी गुप्ता, मनु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पत्नी की पिटाई करने में गिरफ्तार

**कुलपहाड़।** जिले में अपराधों की रोकथाम के लिए वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में कुलपहाड़ थाना पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह की गठित टीम के उपनिरीक्षक हरीशंकर याद, उपनिरीक्षक योगेश रावत, कांस्टेबिल विक्की चौधरी के नेतृत्व में पत्नी के साथ मारपीट करने वाले अभियुक्त बृजेश कुमार (32) पुत्र भानू प्रताप निवासी ग्राम लिलवा थाना महोबकंठ को कस्बा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से वाटर हीटिंग रॉड (लोहे की रॉड) बरामद की गई है, जिससे उसने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेज दिया है।

# पीड़ित महिला को आर्थिक मदद, कार्रवाई मांगी

कार्यालय संवाददाता महोबा

- खरेला क्षेत्र के कुआं गांव में विधवा के घर की गई थी आगजनी
- एक सप्ताह में कार्रवाई न होने पर दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**अमृत विचार।** थाना खरेला क्षेत्र के गांव कुआं में एक दबंग ने कुछ दिनों पहले विधवा महिला के घर में आग लगा दी, जिससे नगदी, गृहस्थी का सामान आदि सहित विधवा झुलस गई थी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद बाद कोई कार्रवाई न किए जाने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की अपनी जनता पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल कुआं गांव पहुंचा, जहां पर विधवा महिला से मुलाकात कर आर्थिक सहायता करने हुए आरोपी के खिलाफ प्रशासन से कार्रवाई की मांग उठाई।

कुआं गांव निवासी मानकुंवर श्रीवास से अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के निर्देश पर राष्ट्रीय महासचिव दिलीप चौधरी के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल मिलकर उसका हालचाल पूछा। पीड़ित महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के दामोदर अवस्थी ने आधी


पीड़ित महिला से बातचीत करते प्रतिनिधिमंडल के लोग। अमृत विचार

रात को घर पहुंचा और दरवाजा न खोलने पर उसने आग लगा दी। इस अग्निकांड में महिला गंभीर रूप से झुलस गई साथ ही घर र रखी नगदी, गृहस्थी का सामान और मवेशियों का भूसा जलकर राख हो गया। बताया कि वह मौत के मुंह से वापस लौटकर आई है, लेकिन उसका घर व सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया।

प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता की आपबीती सुनी और तत्काल सहायता के रूप में 10 हजार रुपये नकद, साड़ियां और राशन सामग्री देकर उसकी ममद की। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर घटना के सम्बन्ध में बात की। महासचिव ने कहा कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने पीड़िता को कोई आर्थिक या सामाजिक सहायता नहीं की। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जिस दबंग ने दलित की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बनाया है, उस पर तत्काल बुलडोजर चलना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष करन सिंह लोधी, मध्य प्रदेश प्रभारी सीएल साहू और प्रदेश उपाध्यक्ष बलदानी प्रसाद प्रजापति के अलावा पार्टी जिलाध्यक्ष रामसहाय राजपूत सहित कई नेता शामिल थे। पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर आरोपी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई और पीड़िता को उचित मुआवजा नहीं मिला, तो कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**शिविर** | राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयं सेवकों ने शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता का किया सर्वे

# समाज निर्माण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता साहित्य

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- लोगों को डेंगू और मलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई
- घरों के आसपास विशेष सफाई रखने पर दिया गया जोर

**अमृत विचार।** वीरभूमि राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों के विशेष शिविर के पांचवें दिन शनिवार को स्वयंसेवी छात्र छात्राओं ने शिविर क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का घर घर जाकर के सर्वे कर स्थिति पर आकलन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता, साक्षरता, टीकाकरण, नशा मुक्ति और डेंगू, मलेरिया व अन्य बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। शिविर दौरान बौद्धिक सत्र में एनएसएस के वरिष्ठ नोडल अधिकारी ने साहित्य का समाज में प्रभाव विषय पर जानकारी दी।

एनएसएस शिविर के पांचवे दिन छात्र छात्राओं ने अपने अपने शिविर क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता का घर घर पहुंचकर सर्वे किया। सर्वे दौरान छात्र छात्राओं ने लोगों को अपने बच्चों का शिक्षा के नए सत्र 2026-27 में विद्यालयों में प्रवेश दिलाए जाने पर जोर दिया, जिससे बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा की नींव मजबूत हो सके। एनएसएस के स्वयंसेविकों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया साथ ही गंदगी से उत्पन्न होने वाले मच्छरों से फैलने वाले डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों की जानकारी साथ ही आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिदिन साफ सफाई पर जोर दिया।


स्वच्छता का सर्वे करतीं एनएसएस की छात्राएं। अमृत विचार

इसके बाद बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार पांडेय ने साहित्य का समाज में प्रभाव विषय पर बोलते हुए कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है साहित्य से ही समाज को दिशा मिलती है तथा इसका हमारे जीवन में गहरा प्रभाव रहता है। कहा कि साहित्य अपने समय की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक वास्तविकताओं का सच्चा प्रतिबिंब है। यह न केवल समाज की समस्याओं और चुनौतियों को दर्शाता है, बल्कि समाज के नवनिर्माण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए सामाजिक संस्कारों को परिष्कृत और उन्नत भी करता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोवित कुमार गुप्ता, डॉ. एस एस राजपूत, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. राम बिहारी पांडेय ने छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया साथ ही छठवे दिन के शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र छात्राओं सहित डॉ. अनवर आलम, डॉ. केसी वर्मा, डॉ. डीके खरे आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीजल-पेट्रोल के लिए पंपों पर भीड़

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** ईरान अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के चलते क्षेत्र में डीजल पेट्रोल की अफवाह को लेकर लोगों में अचानक चिंता बढ़ गई है। लोग डीजल पेट्रोल लेने के लिए सुबह से पेट्रोलपंपों पर लंबी लंबी लाइने लगा रहे हैं, जिससे पेट्रोल पंपों पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पुलिस ने पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर स्थिति को संभालते हुए अपनी निगरानी में डीजल पेट्रोल का वितरण कराया।

डीजल पेट्रोल को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जिससे लोग सुबह से ही अपनी कट्टियां, ड्रम आदि लेकर पेट्रोल पंप पहुंच रहे है, जिससे पेट्रोल पंपों में अव्यवस्था फैल गई और पेट्रोलपंप कर्मचारियों को डीजल पेट्रोल वितरित करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को कुलपहाड़


पंप में पुलिस की मौजूदगी में दिया गया डीजल-पेट्रोल। अमृत विचार

- पुलिस के साथ पेट्रोल पंप पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने समझाया

में सुबह से ही भारी संख्या में लोग पेट्रोल डीजल के लिए लाइन पर लग गए, जिससे मारामारी मच गई।

सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार पंकज गौतम पुलिस बल के साथ नगर के केएल फिलिंग स्टेशन पर पहुंचे और व्यवस्था को संभालते हुए अपने सामने लोगों की लाइन पर लगवाकर डीजल पेट्रोल का वितरण कराया। नायब तहसीलदार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दे सभी को मांग के अनुरूप डीजल पेट्रोल उपलब्ध कराया जाएगा। अनावश्यक डीजल पेट्रोल का भंडारण न करें। डीजल पाने के लिए सबसे ज्यादा किसान लाइन पर लगे रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 31 मार्च तक होगा कोटे के अनाज का वितरण

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि माह मार्च के सापेक्ष आवंटन खाद्यान्न के वितरण की तिथि बढ़ाई गई है। अब 31 मार्च तक खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। इस तिथि तक ई पास मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जाएगा।

### शराब के लिये पैसे ने देने पर पीटा

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी विनोद साहू ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम लगभग छह बजे वह अपने घर पर था। इसी दौरान मोहल्ले के राहुल पाल अपने दो साथियों के साथ घर आया और शराब पीने के लिए 1000 रुपये मांगने लगा। जब उसने शराब के लिए रुपये देने से मना किया तो गाली, गलौज करते हुए लाठी, डंडों से हमला कर दिया। जब वह बचने के लिये दौड़ा तो उन्होंने लोहे की रॉड सिर में मार दी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### रिसोर्स रूम के लिए हुई सामग्रियों की आपूर्ति

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि समेकित शिक्षा के अंतर्गत विकासखंड मानिकपुर में दिव्यांग बच्चों के लिए स्थापित रिसोर्स रूम के लिए 196 सामग्रियों की आपूर्ति चयनित संस्था ने की है। आशा जताई कि इससे दिव्यांग छात्र-छात्रायें लाभांन्वित होंगे।

### सट्टे का विरोध करने पर पीटा

**कालपी जालौन।** नगर के मुहल्ला उदनपुरा निवासी रफीउलज्जमा के मुताबिक मुहल्ला निवासी कल्लू सटटे का कारोबार करता है जो प्रतिदिन उसके घर के आसपास मौजूद रहकर सट्टा पर्ची लेता है। वह इसका विरोध करता है। इसी के चलते उसने घर पर आकर हंगामा कर दिया और जब उसने विरोध किया तो उससे मारपीट शुरू कर दी थी। टरननगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चन्द के मुताबिक शिकायत मिली है। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

### चार शोहदों पर की गई कार्रवाई

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने चार युवकों पर कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ के मार्गदर्शन में एंटी रोमियो टीम ने डीहपुरवा मौजा हरदीकला में कुलदीप पुत्र रामभवन, छोटू पुत्र दादूलाल व करन पुत्र हरिमोहन, गुड्डू पुत्र बाबूलाल नि0गण डीहपुरवा मौजा पर लड़कियों से अनावश्यक बात करने को लेकर आपस में वाद विवाद करने पर कार्रवाई की गई। दोनों पक्षों को गिरफ्तार कर निरोधात्मक कार्यवाही अमल में लाई गई। टीम में एसआई राधेश्याम सिंह, कृष्ण कुमार राय और आरक्षी प्रिया द्विवेदी शामिल रहीं।

### खेलते खेलते गायब हुए बच्चे को ढूंढा

**चित्रकूट।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत चौकी शिवरामपुर पुलिस ने खेलते खेलते घर से चले गए बालक को सकुशल ढूंढकर परिजनों को सौंपा। 28 मार्च को चौकी पुलिस को सूचना मिली कि एक बालक अंग्रेजी शराब ठेका सीतापुर रोड के पास घूम रहा है। वह अपना नाम पता नहीं बता पा रहा। पता चला कि बालक का नाम चार वर्षीय ओम पुत्र नीरज विश्वकर्मा निवासी खुमानी पुरवा है जो यहां किसी के घर आया था और खेलते खेलते घर से बाहर निकल गया था। चौकी प्रभारी शनि चतुर्वेदी व उनकी टीम ने बच्चे के परिजनों को चौकी बुलाकर बच्चे को उनके सुपुर्द किया।

### शिक्षकों को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**रामनगर (चित्रकूट)।** परिषदीय स्कूलों के कक्षा एक के बच्चों को समुचित शिक्षा देने के उद्देश्य से स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम मां गायत्री देवी पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों को 12 सप्ताह की कार्ययोजना बताई गई। खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने निर्देशित किया कि शिक्षक कार्ययोजना का समुचित संचालन करें। इस दौरान प्रेमचंद यादव, अजीत सिंह, फूलचंद चौधरी, संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### कायस्थ महासभा की बैठक आज

**चित्रकूट।** पुरानी बाजार स्थित चित्रगुप्त मंदिर के हाल में रविवार को शाम पांच बजे से कायस्थ महासभा की बैठक होगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजेंद्र श्रीवास्तव उर्फ खरेजी ने दी। उन्होंने बताया कि इसकी अध्यक्षता केके माथुर और संचालन कुलदीप श्रीवास्तव करेंगे।

# सड़कों के गड्ढों में पौधे रोप कर जताया अनोखा विरोध

## युवाओं और समाजसेवियों ने किया जिम्मेदारों पर कटाक्ष, प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क को गड्ढा मुक्त करने की लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले की सड़कों की बदहाली किसी से छिपी नहीं। गांवों में जल जीवन मिशन के पाइपों ने सड़कों की दुर्गति की तो मुख्यालय की सड़कें भी बहुत अच्छी नहीं। रोजाना अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के वाहनों की आवाजाही के बाद भी इन पर किसी का ध्यान नहीं जाता। युवाओं और समाजसेवियों ने इसके विरोध का अनोखा रास्ता निकाला। शनिवार को सड़कों के गड्ढों पर पौधे रोपकर विभागीय जिम्मेदारों पर प्रतीकात्मक कटाक्ष किया।



ट्रैफिक चौराहे पर रोपित किया गया पौधा। अमृत विचार



नगर पालिका और एलआईसी चौक इंडियन बैंक के पास पौधा लगाते युवक।

कुंवर भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में युवाओं और समाजसेवियों ने सड़क के बीच बने जलभरावयुक्त गड्ढों को विकास के गमले बताते हुए इन पर पौधरोपण किया। इनका कहना था कि सड़कों के बीच बने गड्ढे अब छोटे तालाब का रूप ले चुके हैं। इन गड्ढों में पौधे लगाकर संदेश देने की कोशिश की कि जब मरम्मत नहीं हो सकती, तो कम से कम इन्हें हरियाली में बदल दिया जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कई बार शिकायतों और ज्ञापनों के बाद भी नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जबकि हकीकत यह है कि यही सड़कें रोजमर्रा की आवाजाही का मुख्य माध्यम हैं और शाम होते ही यहां भारी भीड़ उमड़ती है। आयेदिन लोग गिरकर चुटहिल होते हैं। इसके बाद गड्ढों में भरा पानी और लगातार हो रही दुर्घटनाएं मानो जिम्मेदारों की नजरों से ओझल हैं। गौरतलब है कि हाल ही में क्षेत्रीय युवाओं ने अपनी मांगों को लेकर दस दिनों तक धरना भी दिया था। अधिकारियों ने आकर बातचीत तो की, लेकिन सड़क की जमीनी हकीकत अब भी जस की तस बनी हुई है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या संवाद केवल औपचारिकता बनकर रह गया है।

सड़कों के निर्माण और मरम्मत को लेकर समय-समय पर दावे किए जाते रहे हैं। कागजों पर योजनाएं दौड़ती दिखती हैं, लेकिन जमीन पर वही पुराने गड्ढे अब 'पौधरोपण स्थल' में तब्दील हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान भूपेंद्र ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़कों की मरम्मत नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की मांग की है। ताकि हादसों पर रोक लग सके और आमजन को राहत मिल सके।

### मारपीट करने के आरोपी को दबोचा

**चित्रकूट।** थानाध्यक्ष सरधुवा की अगुवाई में पुलिस टीम ने लूट करने और पीड़ित को गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, 13 फरवरी को सतीश यादव पुत्र शत्रुघ्न निवासी झलवा थाना एयरपोर्ट (प्रयागराज) ने थाना सरधुआ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीती रात उसके ट्रक चालक दीपक गुप्ता पुत्र पुरुषोत्तम निवासी व श्यामलाल पुत्र सुकरूलाल अपने अपने वाहनो को लेकर बालू खदान वीरधुमाई गंगू जा रहे थे कि कुछ अज्ञात हमलावरों इन पर लाठी डंडों व लोहे की राड तथा रायफल के कुन्दे से हमला कर दिया। मुखबिर की सूचना पर थाना सरधुआ पुलिस ने आरोपी साहिल पुत्र रियाजतुल्ला निवासी ग्राम कोट थाना खखरेरू (फतेहपुर) को गडौली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसआई अजहर जमाल, कांस्टेबिल मुकद्दर सिंह और दीपक कुमार शामिल रहे।

### एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**मानिकपुर।** एसपी अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को थाने में समाधान दिवस के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं। एसपी ने समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उनसे समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि निर्धारित समयसीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशानुरूप व गुणवत्तापूर्ण करें। थाना पुलिस राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम के साथ भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराएं। एसपी ने थानों के निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क का जायजा लिया।



बच्चों के भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाते बीएसए बीके शर्मा। अमृत विचार

### शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुए छात्र-छात्राएं

**चित्रकूट।** शनिवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट पर जाने वाले बच्चों के वाहन को रवाना किया। बीएसए ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण खंड शिक्षाधिकारी अतुल दत्त तिवारी के नेतृत्व में प्रयागराज भेजा गया है। इसमें 90 छात्र-छात्राएं और 10 शिक्षक भेजे गए हैं। वहां पर बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा और तारामंडल को भी बच्चे देखेंगे। नेहा सिंह, अनीता कटियार, इंद्रेश कुमार श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार सिंह, रामशंकर सिंह, यामेंद्र दत्त पांडेय, विद्यासागर, सोमनाथ यादव, अशोक सोनी, गोरेलाल साहू, रामबाबू, हनुमत तिवारी बच्चों के साथ गए हैं।

### खेत से वापस आते समय किसान को पीटा

**जालौन।** खेत से घर वापस आते समय पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने किसान की लाठी, डंडों से पिटाई कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पहलवानबाड़ा निवासी गजेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह रात करीब साढ़े 10 बजे वह खेत से घर वापस आ रहा था। रास्ते में सूरज शिवहरे व विशाल शिवहरे एवं उनका एक अज्ञात साथी रोक लिया और गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर लाठी, डंडों से उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर प पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पेट्रोल पंपों पर देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** शनिवार को प्रशासनिक टीम ने क्षेत्र स्थित कई पेट्रोल पम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंप का स्टाक चेक किया। साथ ही उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की भी अपील की।

अमेरिका ईरान युद्ध के चलते विश्व में पेट्रो पदार्थों की आपूर्ति कम हुई है, जिसका असर क्षेत्र के पेट्रोल पम्पों पर भी दिख रहा है। स्टाक खत्म न हो जाए इस आशंका को लेकर खरीददारों की लाइन लगी है। हालांकि अभी क्षेत्र स्थित पम्पों पर ईधन कम नही है पर अफवाहों के चलते भीड़ कम नहीं हो रही है। इसी के चलते शनिवार को प्रशासनिक टीम द्वारा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान किसी भी पेट्रोल पम्प पर स्टाक की कमी नहीं मिली है, जिसके चलते वहां पर मौजूद लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर पम्प संचालकों को किसी भी उपभोक्ता को ड्रमों में तेल न देने तथा किसानों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये गये। चेकिंग के दौरान एसडीएम मनोज कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव तिवारी तथा नायब तहसीलदार चन्द्र मोहन शुक्ल एंव मुकेश कुमार शामिल रहे।



पेट्रोल पंप की जांच करते अधिकारी। अमृत विचार



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करती कन्याएं। अमृत विचार

### भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**जालौन।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भदवां स्थित प्राचीन हुलकी माता मंदिर एवं बुंदेला चबूतरा पर ग्रामवाशियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों का मानना है कि इस मंदिर में मां दुर्गा की असीम शक्ति विद्यमान है और यहां आकर श्रद्धा से माथा टेकने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

नवरात्र के दसवें दिन शनिवार को पूरे गांव में भंडारे का आयोजन किया गया। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे मां दुर्गे के जयकारे लगाते हुए जब गलियों से गुजरे तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रामीण बड़ी आस्था और उत्साह के साथ मां दुर्गे शक्तिपीठ पहुंचे। वहां पर उन्होंने मां के दरबार में माथा टेका और सांग छिदवाकर भेंट चढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भरा रहा। महिलाएं कलश लेकर ढोल-मंजीरों की थाप पर देवी भजन गाती रहीं। भक्तों ने विधि-विधान से मां दुर्गे की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामनाएं मांगी। मन्दिर की कमेटी के लोगों ने बताया कि हुलकी माता मन्दिर का यह दरबार क्षेत्र की आस्था का केंद्र है। यहां पर दूर दूर से आये लोगों ने भंडारे में प्रसाद भी चखा। दोपहर में शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। इस मौके समस्त ग्राम देवेंद्र वर्मा, राहुल राय, अरुण वर्मा उर्फ कल्ले कोरी, रामचंद्र, धरवेंद्र कारीगर, रामनरेश दोहरे, कैलाश कुशवाहा, भाई जी निरंजन, बीर सिंह पाल पूर्व प्रधान, सन्त कुमार, डॉ विनय, ओमजी शांडिल्य, शनि वर्मा, श्रीराम कुशवाहा, गुलाब निरंजन आदि रहे।

### औपचारिकता में निपट गया समाधान दिवस

**कालपी जालौन।** कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस महज औपचारिकता में निपट गया।

शासन ने जमीन सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए माह के द्वितीय चतुर्थ शनिवार को थाना स्तर पर समाधान दिवस के आयोजन की शुरुआत वर्षों पहले की थी लेकिन यह दिवस शासन की मंशा पर खरे नहीं उतर रहे हैं, जिससे फरियादियों का भी ऐसे आयोजनों से मोह भंग हो रहा है। मालूम हो कि कोतवाली में खण्ड विकास अधिकारी महेवा की अगुवाई में इस दिवस का आयोजन होना था लेकिन वह पहले की भांति फिर नहीं आए, जिसके चलते कई शिकायतकर्ता मायूस होकर वापस लौट गए और महज एक शिकायत ही दर्ज हुई है। अतिरिक्त निरीक्षक अवनीश कुमार के अनुसार शिकायत के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग तथा पुलिस की टीम का गठन किया गया है जो शीघ्र ही समस्या का निस्तारण करेगी। इस मौके पर कानून गो हरेन्द्र सिंह, सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह, योगेश, राघवेंद्र निरंजन, विनय सिंह रहे।

## अपराध का शिकार होकर आईं, लौटें तो मजबूत बनकर

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला कारागार में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति के तहत महिला बंदियों के मध्य सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ सिटी अरविंद कुमार वर्मा ने महिला बंदियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपराध का शिकार होकर यहां आई हैं पर लौटें तो मजबूत होकर।

क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग मिशन शक्ति को ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जेल की महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया। पेपर स्प्रे, काली मिर्च पाउडर एवं बुनियादी मार्शल आर्ट्स की तकनीकों का प्रदर्शन

- सीओ सिटी ने बढ़ाया महिला बंदियों का हौसला

किया गया। उन्होंने महिला बंदियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पुलिस आपकी ढाल बनेगी। कुलदीप सिंह असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने बताया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक क्रांतिकारी अभियान है, जो महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, उनके सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के लिए समर्पित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पांच प्रमुख उप-योजनाएं संचालित हैं- श्रद्धा, निर्भया, सुरक्षित, समर्थ्य एवं सखी। योगेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का विशेष महत्व महिला कैदियों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया जाना है। निर्भया योजना बलात्कार एवं यौन अपराधों की शिकायतों पर 48 घंटे में एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान करती है। मिशन शक्ति केवल एक योजना नहीं, बल्कि महिलाओं का अधिकार है।

## शादी से पहले टूटा रिश्ता दो दिनों में गई दो की जान

**चित्रकूट।** जनपद के सरधुआ थाना क्षेत्र में शादी तय होने के बाद उपजे विवाद ने दो परिवारों की खुशियों को मातम में बदल दिया। अलग-अलग दिनों में युवक और युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 23 वर्षीय युवक और 18 वर्षीया युवती का विवाह एक मई को तय था। इसी बीच किसी कारणवश दोनों के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। पुलिस के मुताबिक 26 मार्च को युवक का शव मिला, जबकि अगले ही दिन युवती भी संदिग्ध हालात में मृत पाई गई। दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी सरधुआ राम सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

मनमानी — ग्रामीण बोले, निर्देशों का हो रहा उल्लंघन और प्रशासन मौन

# पट्टेधारक पर नदी की जलधारा बदलने का आरोप

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक ओर सरकार के निर्देश, प्रशासन के आदेश हैं तो दूसरी ओर अपना स्वार्थ सिद्ध करते लोग। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत चांदी बांगर के घाट में पट्टेधारक पर ग्रामीणों ने नदी की पुरानी जलधारा को परिवर्तित करने के आरोप लगाए हैं। इनका यहां तक कहना है कि बीच नदी से बालू निकालते समय 15 से 20 फुट गहरे गड्ढे कर दिए गए हैं, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पट्टेधारक द्वारा नदी का नक्शा बदल दिया गया है और बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से दिक्कतें हैं। ठेकेदार द्वारा एनजीटी के नियमों को ताक में रखकर खनन किया जा रहा है। खनन स्थल से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर धर्मकांटा लगाया गया है, जहां सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए हैं। उसके पहले ही ओवरलोड वाहनों के लिए रास्ता बना दिया गया है। आरोप यहां तक हैं कि उन ओवरलोड वाहनों को आवश्यक कागजात नहीं दिए जाते। पट्टा खनन स्थल के अलावा अन्य दूसरे क्षेत्र से रात भर अवैध खनन जोरों पर किया जा रहा हैं।

खनिज विभाग को सूचनाएं देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से अवैध खनन माफियाओं के हौसले बुलंदी पर हैं। कई जगहों पर सड़कों का नामोनिशान मिट गया है। ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ट्रकों की आवाजाही से फसलें धूल से बर्बाद हो गई हैं। आरोप है कि यहां जेसीबी व पोकलैंड से रात में सीमा क्षेत्र के बाहर अवैध खनन किया जा रहा है।



बेधड़क होती ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही। अमृत विचार

### एसडीएम बोले, की जाएगी कार्रवाई

- उप जिलाधिकारी राजापुर फूलचंद यादव का कहना है कि राजापुर तहसील क्षेत्र के घाटों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। नियमानुसार बालू खनन करने के निर्देश दिए गए हैं। कोई भी पट्टेदार सीमा के बाहर खनन करता है तो उसकी खैर नहीं होगी। पैमाइश कराई जाएगी और दोषी पाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दी

**मऊ (चित्रकूट)।** एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। इसकी पहचान मंड़ोर निवासी रमेश चंद्र पुत्र स्व. रामऔतार के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि यह घटना बीती रात की है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल से सूचना मिलने पर मऊ थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।


अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पॉलिसी संख्या 219174867 में मेरा नाम माया देवी पत्नी निरहू दर्ज है। अन्य सारे कागजात में शीला पत्नी निराहू के नाम से है। यह दोनों नाम एक ही महिला के हैं। मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है। **शीला पत्नी निराहू, ग्राम पैगापुर मटियारिया, पोस्ट खजुरिया, जिला-बलरामपुर**

**NOTICE**
I, TIMME SAHNI W/O MR. HARSH KUMAR SAHNI, R/O-B 203, SHRI RAM APARTMENT, NEW BERRY ROAD, HAZRATGANJ, LUCKNOW, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO TIMMI SAHNI, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS TIMMI SAHNI.

**सूचना**
मेरे पुत्र का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिलेखों में त्रुटिवश शिवा व जन्मतिथि 28-03-2008 दर्ज है। जबकि आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में हर्ष साहू व जन्मतिथि 24-03-2009 दर्ज है, जो सही है। दोनों नाम मेरे पुत्र के है। अतः अब मेरे पुत्र को हर्ष साहू तथा जन्मतिथि 24-03-2009 के नाम से जाना पहचाना व भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में दर्ज किया जाए। **राजकपूर पुत्र स्व. राजाराम निवासी ग्राम व पोस्ट खीरो, थाना खीरो, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली**

**सूचना**
सूचना हो कि पहले मेरा नाम MAHAJBEEN था से बदलकर KM MAHAZABEEN रख लिया है। अब मुझे KM MAHAZABEEN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- MAIFUZAHAMAD ADD-VILLA- KUMBHI AIMA POST-KUMBHI AIMA PS-UDAYPUR DIST-PRATAPGARH-230125 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD IMARAN से बदलकर MOHAMMAD IMRAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- ISARAR AHAMAD ADD-115 KATRA BANSA NAWABGANJ DIST-BARABANKI-225204 (U.P.)

**सूचना**
मै **सुन्दर लाल पुत्र सूरज लाल निवासी बरियारपुर थाना-रामनगर, जिला-बाराबंकी**, मेरे पुत्र अमन कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है वह आये दिनं मुझे मारता पीटता है और दारू शराब पीकर मोहल्ले वालों को गाली गुप्तारी देता है। मेरा छोटा लड़का हमारी बड़ी बहू कोमल देवी पत्नी राम प्रसाद को दिनाक 26-03-2026 को अपने साथ जबरदस्ती भगा ले गया है उसके इन कृत्यों से परेशान होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है। मेरे पुत्र द्वारा किये गये कृत्यों से कोई लेना देना नही है।

**सूचना**
अनीता सिंह पत्नी बाल कृष्ण सिंह निवासी 7/344 EWS आवास एवं विकास योजना संख्या 03 हंसपुरम कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र(2621 स/प्र/कानपुर/12.05.2016) और मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। 8299538210

